संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
21 जनवरी 2025, मंगलवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 113
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

हेमंत सोरेन के सशरीर कोर्ट में उपस्थित होने के मामले में अगली सुनवाई 11 फरवरी को

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल सशरीर उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी। मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने सुनवाई की तिथि 11 फरवरी निर्धारित की है।

2 विदेशी सहित 100 महिलाओं ने नागा संन्यासी की दीक्षा ली

खुद कर दिया अपना पिंडदान

एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज महाकुंभ में 2 विदेशी सहित 100 महिलाओं ने एक साथ नागा संन्यासी की दीक्षा ली। इसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं हैं। सभी जूना अखाड़े से जुड़ी हैं।

आज से इन सभी की जिंदगी बदल जाएगी। संगम घाट पर अपने केश कटवाए। फिर जीते जी खुद का और अपनी सात पीढ़ियों का पिंडदान कर दिया है। गंगा में 17 पिंड बनाए, जिसमें से 16 उनकी सात पीढ़ियों के थे। एक उनका खुद का था। गंगा स्नान के बाद

उन्होंने गेरुआ वस्त्र छोड़कर बिना सिले श्वेत वस्त्र धारण किए। अब आचार्य महामंडलेश्वर मंत्र देने वाले है। इस बीच उनकी कठिन साधना चलती रहेगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को तड़के सभी महिलाएं नागा संन्यास की दीक्षा लेंगी। इस बीच अमेरिका और इटली से आईं दो महिलाओं ने गंगा के तट पर नागा संन्यास की दीक्षा ली। एक की उम्र 55 साल है, जबकि एक युवा अवस्था में है। दीक्षा के बाद अमेरिका की महिला को कामाख्या देवी और इटली की महिला को शिवानी नाम दिया गया। बात दें कि महिला नागा संन्यासी तपस्या से गुजरती हैं, जैसे कोई पुरुष गुजरता है। महिलाओं को संन्यास धारण करने के लिए अपने श्रृंगार का त्याग करना होता है। वैसे हिंदू रीति रिवाज और सनातन धर्म में महिलाओं का पिंडदान करना सही नहीं है। मगर साध्वी जीवन जीने वाली महिलाओं के साथ यह नियम लागू नहीं होते हैं। हम लोग इसलिए अपना पिंडदान करते हैं, ताकि अगर हमारे मरने के बाद कोई अंतिम संस्कार के लिए नहीं हुआ तब क्या होगा। इसके लिए खुद का पिंडदान कर दिया जाता है।

महाकुंभ में अब तक 8.26 करोड़ लोगों ने लगाई डूबकी



प्रयागराज । महाकुंभ में गंगा में आस्था की डूबकी लगाने के लिए देश विदेश से श्रद्धालुओं का आना जारी हैं। यूपी सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक त्रिवेणी संगम पर आज 22.79 लाख से अधिक तथा अब तक 8.26 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ मेला 13 जनवरी 2025 से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। महाकुंभ का यह आयोजन हर 12 साल में होता है और यह दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक माना जाता है। श्रद्धालु गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के लिए यहां आते हैं। वहीं कुंभ मेले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में दिव्य महाकुंभ का महत्व भी बताया। मन की बात के 118वें संबोधन में बोले, महाकुंभ समता समरसता का असाधारण संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 118वें एपिसोड में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं। वहीं आगे प्रधानमंत्री ने कहा हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। इसमें भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है।

विधानसभा बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय : ओम बिरला

सदन की गरीमा बनाये रखने के लिये राजनीतिक दल दिशा निर्देश तैयार करें

एजेंसी

पटना । बिहार विधानसभा में चल रहे 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधानसभाओं की बैठकों की घटती संख्या हमारे लिए चिंता का विषय है। यह 1954 में एक चुनौती थी और यह आज भी जस की तस बनी हुई है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में मात्र 74 बैठकें की हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने संसद और राज्य विधानसभाओं में योजनाबद्ध व्यवधानों की भी निंदा की और

राजनीतिक दलों से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह किया। ओम बिरला ने कहा कि संविधान ने सहकारी संघवाद की अवधारणा को अपनाया है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकांश विधानसभाएं कागज रहित और डिजिटल हो गई हैं, ताकि सभी बहसों को एक मंच पर लाया जा सके। वर्ष 2025 तक सभी चीजें एक मंच पर उपलब्ध होंगी। अब समय आ गया है कि अन्य लोकतांत्रिक निकायों जैसे पंचायत राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों और सहकारी समितियों को भी इसमें शामिल किया जाए और राज्य ऐसा कर सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभाओं को सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का स्थान होना चाहिए और इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आकर अपने-अपने दलों के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए, ताकि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद लोगों की व्यापक भलाई के लिए अच्छी मिसाल कायम की जा सके। बिरला ने कहा कि सदनों की गरिमा उसके सदस्यों की गरिमा पर निर्भर करती है और इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण होना चाहिए।

अमित शाह टिप्पणी : राहुल गांधी को मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत

झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर इसके बारे जवाब मांगा है।

दरअसल 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले झारखंड के चाईबासा में अपने एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाह को हत्यारा बताया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शाह के

खिलाफ 2019 में अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप के साथ मानहानि का केस किया था।

सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि कई न्यायिक फैसलों में बताया गया है कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत किसी तीसरे पक्ष की ओर से दायर की गई थी। मानहानि मामले में ऐसा करना स्वीकार्य नहीं होता है।

क्या था मामला

2018 में भी चाईबासा में हुए कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा था, भाजपा में कोई भी हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। तब केंद्रीय मंत्री शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद थे। राहुल गांधी के बयान के बाद भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप कटियार ने चाईबासा के सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज कराया था। इसके बाद चाईबासा में दायर मामले को सुनवाई के लिए एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था। यहीं सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से दायर याचिका को जस्टिस ऋषि कुमार ने खारिज करते हुए हाजिर होने का नोटिस दिया है।

रिम्स का मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र बनाएं : हेमंत सोरेन

प्रस्तावित आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स की सभी सुविधाएं बेहतर रखें

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, (रिम्स) रांची के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिम्स का एक बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र तैयार करें। रिम्स के नए री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी चीजें सुसज्जित तरीके से व्यवस्थित करने की कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में रिम्स की अलग पहचान होनी चाहिए। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिम्स के री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में सभी हॉस्टल्स को एक जगह, सभी रेजिडेंशियल कंपलेक्स को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने का प्लान बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान में रिम्स परिसर के 1600 बेड वाले इनडोर क्षेत्र का रिनोवेशन करें तथा बेसमेंट क्षेत्र को सील करने का कार्य करें ताकि बार-बार होने वाला वाटर लॉगिंग रोका जा सके। बैठक में रिम्स निदेशक डॉ0 राजकुमार एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ0 हीरेंद्र बिरुआ भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स के टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि रांची में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स तथा डाल्टनगंज में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, इन चारों हॉस्टल्स का टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रांची के विमेंस कॉलेज (साइंस ब्लॉक) परिसर में 525 अनुसूचित जनजाति के छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण तथा आदिवासी हॉस्टल कैंपस में 525 छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

पद्मश्री बलबीर दत्त पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

संवाददाता

रांची । द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025 के पहले संस्करण के तहत वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री बलबीर दत्त को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है।

द टाइम्स ऑफ इंडिया ने 17 जनवरी को झारखंड की राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025 के पहले संस्करण का आयोजन किया।समारोह में सेलिब्रिटी अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के हाथों बलबीर दत्त को यह सम्मान मिला। झारखंड की पत्रकारिता में दत्त की पहचान भीष्म पितामह के रूप में है। बलबीर दत्त राज्य के पहले पत्रकार हैं, जिन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। वे

हिंदी दैनिक देश प्राण के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वे कई पुस्तकों के लेखक भी हैं। दत्त पिछले 62 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता में हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में उन व्यवसायिक नेताओं, उद्यमियों और संगठनों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने झारखंड के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कार्यक्रम नवाचार, उत्कृष्टता और सफलता का जश्न मनाने के लिए समर्पित था।

देवघर : अवैध बालू परिवहन पर छापेमारी करने गयी पुलिस दल पर हमला

● 25-30 लोगों पर मामला दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। कुण्डा थाना क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के दौरान पुलिस दल पर जानलेवा हमला किया गया। मामले में कुल 25-30 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें 25 नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया है। साथ ही गिरफ्तारियों के साथ पुलिस ने बड़ी मात्रा में संपत्ति जब्त की है। मामले में पु0अ0नि0 सह कुंडा थाना प्रभारी संतोष कुमार मडल के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है। घटना ने क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के मामलों पर प्रशासनिक सख्ती की आवश्यकता को उजागर किया है। प्राथमिकी में 25 नामजद और 25-30 अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया है। मुख्य नामजद आरोपी में मेथी राय उर्फ मिथलेश राय पिता शुकुल राय,फुलचन्द राय पिता सत्यनारायण राय, उदय राय पिता बहादुर रायस, विक्रम राय उम्र करीब 29 वर्ष, पिता स्व ईन्द्रदेव प्रसाद राय चारो योगडीहा गांव,थाना जसीडीह,राहुल यादव,पिता पप्पु यादव बसमता गांव,थाना नगर,मोहन यादव उर्फ रोहित यादव गांव के कल्याणपुर, थाना नगर,बबलु पंडित गांव सुरातिलौना,प्रहलाद राय गांव योगडीहा,थाना जसीडीह,महेश मोहली,पिता नन्दकिशोर मोहली, गांव कोरियासा, थाना कुण्डा,संतोष यादव,पिता बंगाली यादव,हुरो यादव दोनो गांव गुगलीडीह, थाना कुण्डा,मुन यादव गांव पतारडीह, थाना जसीडीह, झटु यादव गांव अरनवाटाड,थाना नगर, बिरजु यादव रंगामोड़, थाना नगर,राजीव पंडित, बबलु पंडित दोनों -हिरना मोहल्ला,थाना नगर,गुडु यादव गांव अरवाटांड,श्याम मंडल, गांव गुगलीडीह थाना कुण्डा,चंदन यादव गांव कोठिया,चंदन यादव गांव कोठिया दोनों थाना जसीडीह,रमेश यादव, गांव अरवाटाड, थाना नगर,सोनु शर्मा,अजय शर्मा दोनों गांव पतारडीह थाना जसीडीह,असलम खां गुलीपाथर थाना नगर,मुकेश यादव, पदमपुर, थाना कुण्डा एवं अन्य 25 से 30 अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। घटना के सम्बद्ध में पुलिस ने बताया कि पुलिस अवैध बालू परिवहन के खिलाफ छापेमारी कर रही थी, जब आरोपियों ने संगठित होकर पुलिस दल पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने मौके से 5 ट्रैक्टर और एक बाइक जब्त की।

जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने दिल्ली एसजी पाइपर्स पर 5-1 से जीत दर्ज की

संवाददाता

रांची । जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में दिल्ली एसजी पाइपर्स पर 5-1 की व्यापक जीत के साथ जीत की राह पर वापसी की। आज रांची. चार्लोट एंगलबर्ट (6) और सोनम (9, 10) ने पहले क्वार्टर में सूरमा को आरामदायक बढ़त दिला दी। चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट (36) ने तीसरे क्वार्टर में बढ़त को आगे बढ़ाया लेकिन संगीता कुमारी (38) ने जल्द ही एक गोल कर दिया। लेकिन पेनी स्क्विब (60) ने आखिरी मिनट में नेट पर गोल करके सूरमा के लिए पांच सितारा प्रदर्शन पूरा किया।

जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने मजबूत शुरुआत करते हुए दिल्ली

एसजी पाइपर्स पर दबाव बनाया। उनके शुरुआती दबाव का फायदा तब हुआ जब मारिया वर्शूर ने बाएं विंग पर चार्लोट एंगलबर्ट को खड़ा किया, जिन्होंने स्कोरिंग को खोलने के लिए कम रिवर्स स्वीप के साथ गोल में बिचु देवी खारीबाम को दरकिनार कर दिया। कुछ ही समय बाद, एंगलबर्ट और चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट ने शॉट्स की झड़ी लगा दी।

डॉक्टर से रेप-मर्डर मामला : संजय रॉय को उम्रकैद

164 दिन बाद आया फैसला, कोर्ट ने कहा- यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं

एजेंसी

कोलकाता । कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय को सियालदह कोर्ट ने 164 दिन बाद सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा, यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। इसलिए मौत की सजा नहीं दी सकती। लोकल कोर्ट ने राज्य को पीड़ित परिवार को 17 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया, लेकिन परिवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया। दोपहर 12ः30 बजे कोर्ट ने दोषी संजय, सीबीआई और पीड़ित परिवार के वकील की बातें सुनीं। जज अनिर्बान दास ने संजय से कहा कि यह बताया जा चुका है कि तुम किन अपराधों के दोषी हो। अदालत ने संजय को बोलने का मौका दिया था।

इससे पहले, 18 जनवरी को कोर्ट ने संजय को दोषी करार दिया था, लेकिन सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। संजय की सजा के लिए 160 पेज का फैसला लिखा गया है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। संजय रॉय को 10 अगस्त को गिरफ्तार किया गया।

संजय को रेप-मर्डर के मामले में सजा

संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 64 (रेप), 66 रेप के कारण मौत और सेक्शन 103-1 मर्डर के तहत दोषी ठहराया गया। 103 (1) के तहत फांसी या आजीवन कारावास, सेक्शन 66 के तहत कम से कम 20 साल उम्र कैद, सेक्शन 64 के तहत कम से कम 10 साल की उम्रकैद की सजा दी जाती है। इसे मृत्यु तक आजीवन कारावास में बदला जा सकता है। फैसले के बाद दोषी संजय ने कहा था... मुझे इस मामले में फंसाया गया है। मैंने यह काम नहीं किया। जिन्होंने ये काम किया है, उन्हें जाने दिया गया। एक आईपीएस इसमें शामिल है। मैं रुद्राक्ष की माला पहनता हूं और अगर मैंने अपराध किया होता तो यह टूट जाती।

फांसी होती तो मन को सुकून मिलता : ममता

कोलकाता । आरजी कर मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वह कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि यह मामला उनके पास होता तो दोषी को फांसी की सजा दिलवा देते। मालदा जिले के दौरे पर पहुंचीं ममता बनर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। यदि यह मामला हमारे पास होता तो हम बहुत पहले ही फांसी की सजा दिलवा देते। मैं नहीं जानती कि सीबीआई ने इस मामले को कैसे लड़ा और क्या तर्क दिए, लेकिन मुझे संतोष नहीं मिला। फांसी होती तो मन को सुकून मिलता। ममता ने यह भी कहा कि आरजी कर मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए जयनगर, फरक्का और गुड़प के दुष्कर्म-हत्या मामलों का जिक्र किया, जहां पुलिस ने जांच पूरी कर दोषियों को फांसी की सजा दिलवाई थी।

मौत की सजा नहीं मिलने से पीड़ित परिवार नाखुश

कोलकाता । आरजी कर मामले में दोषी संजय रॉय को अदालत ने आजावीन कारावास की सजा सुनाई है। इस फैसले से पीड़िता के माता-पिता नाखुश हैं। वह दोषी को मौत की सजा चाहते हैं। साथ ही उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए। पीड़िता की मां ने कहा कि मेरी बेटी को अस्पताल में ड्यूटी के दौरान दुष्कर्म कर मार डाला गया। क्या यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर घटना नहीं है? सीबीआई इसे साबित करने में विफल रही। यही कारण है कि दोषी को फांसी की सजा नहीं मिली। पीड़िता के पिता ने अदालत के फैसले को न्याय की ओर पहला कदम बताया। उन्होंने कहा कि हमें अभी पूरा न्याय नहीं मिल पाया। यह सीबीआई की असफलता है कि वह मामले को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं कर पाए। आरजी कर केस में कोर्ट ने दोषी संजय रॉय पर 50 हजार का जुर्माना लगाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। हालांकि, पीड़िता के पिता ने मुआवजा लेने से इनकार करते हुए कहा कि हम अपनी बेटी को इस तरह बेच नहीं सकते।

जमीन विवाद में चली गोली, एक घायल

लातेहार । जिला मुख्यालय के दुरुआ मोहल्ले में सोमवार को जमीन विवाद के मामले में सदाकत अंसारी नामक व्यक्ति को गोली मार दी गई। गोली लगने से सदाकत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद उसे आनन फानन में लातेहार सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। घायल सदाकत अंसारी जिला मुख्यालय के दुरुआ मोहल्ले का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार सदाकत अंसारी और शर्मा परिवार के बीच जमीन को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार को इसी मामले को लेकर शर्मा परिवार और सदाकत अंसारी में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि शर्मा परिवार के एक सदस्य ने सदाकत अंसारी के सिर में टांगी से वार कर दिया। वही सदाकत अंसारी को निशाना बनाकर गोली चला दी। हालांकि गनीमत यह रही की गोली सदाकत के पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपित वहां से फरार हो गए। बाद में सदाकत के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और घायल को अस्पताल पहुंचाएं। इधर घटना के सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। वही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरम्भ कर दी है। थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

लातेहार में दो हाइवा में भीषण टक्कर, एक चालक की मौत

लातेहार । जिले के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 22 पर बरनी पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को दो हाइवा में भीषण टक्कर हो गयी। इस घटना में एक चालक की मौत हाइवा में दबकर कर हो गयी।मृतक की पहचान मो.सुहेल(30) केरेडारी, हजारीबाग के रूप में हुई ।वहीं दूसरा चालक टंडवा निवासी मिथलेश साव गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसका प्राथमिक उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया और उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक हाइवा कोलियरी से कोयला लोड कर चंदवा रेलवे साइडिंग की ओर जा रही थी । वही विपरीत दिशा से हाइवा चंदवा साइडिंग से कोयला खाली कर कोलियरी की ओर आ रही थी । इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य चलाया और तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर गाड़ी में फंसे मृतक चालक के शव को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला। वहीं घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

हजारीबाग में अदाणी फॉउंडेशन के सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

हजारीबाग । गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड में लोगों की भागीदारी के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, पारा मिलिट्री और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, परियोजना प्रभावित परिवार के परिजनों और कंपनी के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के साथ सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने की शपथ ली। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक अनिल सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बड़कागांव में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के चौंकाने वाले आंकड़ों को साझा किया। साथ ही सभी से सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सड़क पर सतर्क रहने की अपील की। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह तक चले सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान आम लोगों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए जागरुकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा पर चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा प्रखंड के दो सरकारी स्कूलों प्लस टू हाई स्कूल और कस्तूरबा गांधी स्कूल में जागरुकता सत्र आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में शिक्षित किया गया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरित किए गए।

प्रदेश भाजपा ने संविधान गौरव अभियान के तहत जिलों में की गोष्ठियां

रांची । प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संविधान गौरव अभियान के तहत सोमवार को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, लातेहार में विधायक नवीन जायसवाल, रामगढ़ में पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया। अभियान के सह संयोजक राकेश भास्कर के मुताबिक, 21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे। 22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्य वक्ता होंगे जबकि गुमला जिले की गोष्ठी को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव और पूर्वी सिंहभूम घाटशिला में शशांक राज मुख्य वक्ता होंगे।

झामुमो दो लाख सदस्य बनाएगा

देवघर संताल एक्सप्रेस । बैजनाथ बिहार में देवघर छुरू जिला संयोजक मंडली की बैठक हुई है। सभी सदस्य इस बैठक में उपस्थित हुए।जिसके अध्यक्षता संयोजक प्रमुख संजय शर्मा ने किया। इसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया। 1 जिला में सभी पंचायत/वार्डो में सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। 2 दो लाख सदस्य बनाने का निर्धारित लक्ष्य रखा गया है जिसे पूरा किया जाएगा। 3 15 फरवरी तक सभी पंचायत/वाडो वार्डन का गठन करने का लक्ष्य रखा गया है। 4 30 दिनों के अंदर सभी पंचायत वार्ड में सदस्यता अभियान संपन्न कराने एवं पंचायत पुनर्गठन करने के प्रखंड एवं नगर समिति में एक संचालन समिति का गठन किया गया। 5 संचालन प्रमुख ने निर्देश दिया कि समय-समय पर संयोजक मंडली के सदस्य एवं संचालन समिति के सदस्य किए जा रहे कार्यों का रिपोर्ट प्रस्तुत करते रहे ताकि आवश्यकता अनुसार संचालन समिति का बैठक किए गए कार्यों की समीक्षा की जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से संयोजक प्रमुख संजय शर्मा दिनेश्वर किस्कू सुरेश शाह इश्तियाक मिर्जा मनोज दास नंदकिशोर दास नवल हेंब्रम अबू तालिब जी नीलम देवी प्रदीप चौधरी उपस्थित थे।

इनामी नक्सली के घर पहुंचे गढवा एसपी, सरेंडर करने के लिए किया प्रेरित

पलामू । पलामू से सटे गढ़वा में पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय और अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) सोमवार को जिले के डंडई थाना क्षेत्र के ग्राम लवाही कला स्थित इनामी नक्सली भाकपा माओवादी सब जोनल कमांडर राजू भुइयां के घर पहुंचे। वे नक्सली की पत्नी से मिले। उन्होंने इनामी नक्सली को सरेंडर करने के लिए प्रेरित किया। एसपी दोपहर के समय इनामी नक्सली के घर पहुंचे। उनकी पत्नी और मां से वार्ता की एवं झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी । राजू भुइयां की पत्नी और मां के जरिये आश्वासन दिया गया ।

झारखंड के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए : मंत्री चमरा लिंडा

संवाददाता

रांची । झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाए। साथ ही नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन जल्द प्रारंभ कराया जाए। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय तथा पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय समेत सारे आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में चमरा लिंडा ने विगत वर्षों में वितरित किए गए स्वरोजगार ऋण से संबंधित कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में इसमें तेज गति से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने योजना से लाभान्वित लाभुकों की सफलता की कहानी से प्रेरणा लेते हुए अन्य जरूरतमंदों को भी इस योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही जिला द्वारा वितरित ऋण के विरुद्ध ससमय ऋण का वितरण किया जा रहा है या नहीं, इससे संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण वितरण और ऋण वसूली से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। लिंडा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभुक व्यवसाय करने के लिए बड़े वाहन ले रहे हों उन्हें ही वाहन ऋण उपलब्ध कराया जाए। क्योंकि, अक्सर ऐसा देखा जा रहा है कि बड़ी संख्या में वाहन ऋण योजना के लाभुक बड़े वाहन ले रहे हैं, जो व्यवसाय से संबंधित नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि जो वाहन व्यवसाय से संबंधित हों, वही वाहन उपलब्ध कराया जाय। यदि इससे संबंधित संकल्प में संशोधन की आवश्यकता हो तो जल्द संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

अंबेडकर सम्मान मार्च,संविधान बचाने के लिए कांग्रेस का संघर्ष

संवाददाता

देवघर संताल एक्सप्रेस । मधुपुर नगर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रव्यापी अभियान जय बापू, जय भीम, जय संविधान के तहत शहर में जोरदार पैदल मार्च निकाला।यह कार्यक्रम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर 26 नवंबर 2024 को शुरू हुआ था, जो 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ तक चलेगा। नगर अध्यक्ष मो. सैफ अहमद के नेतृत्व में यह मार्च कचहरी चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू हुआ। मार्च डालमिया कूप, हटिया रोड होते हुए गांधी चौक पहुंचा, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश ने कहा, ÷मोदी शासन में संविधान से छेड़छाड़ का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसके नैतिक मूल्यों को नष्ट करने की साजिश हम कभी सफल नहीं होने देंगे। सड़क से लेकर सदन तक, हमारा विरोध जारी रहेगा संविधान की हर पंक्ति को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है और यह संघर्ष हमारी अंतिम सांस तक चलेगा।÷ प्रदेश सचिव फैयाज केशर ने राज्यसभा में गृह मंत्री द्वारा संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा, ÷अंबेडकर जैसी महान शख्सियत का अपमान करने वालों को देश कभी माफ नहीं करेगा।यह भाजपा के तानाशाही रवैये का परिणाम है।÷ मौके पर जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, इंटक प्रदेश सचिव अजय कुमार, इंटक जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, मीडिया प्रभारी गोल्डी खान, जय शंकर शरण, उमेश रजक, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव कुमार, नगर उपाध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, महासचिव राजा ।

बेड़ो में मजदूरों ने दिया धरना, पीडीएस गोदाम से खाद्यान्न का उठाव ठप

रांची । बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पीडीएस गोदाम के पल्लेदार मजदूरों ने अपनी न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया। इससे गोदाम से पीडीएस का खाद्यान्न उठाव ठप रहा। वहीं प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों को समय पर गेहूं-चावल आवंटन का काम बाधित हो गया है। गोदाम के मोटिया मजदूरों का कहना है कि झारखंड खाद्य निगम द्वारा मानक न्यूनतम 8.50 रुपये मजदूरी जिले के परिवहन ठेकेदार द्वारा देने में आनाकानी की जा रही है। मजदूरों ने कहा कि जबतक निगम द्वारा मानक मजदूरी तय नहीं की जाती और बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक ट्रकों से अनलोडिंग कार्य बंद रहेगा। आंदोलनरत मजदूरों ने बकाया मजदूरी और साढ़े आठ रुपये प्रति बोरा मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, डीसी, श्रम अधीक्षक और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। मजदूरों का कहना है कि उनकी मांग पूरी नहीं री गई तो वे परिवहन अभिकर्ता द्वारा भेजे जानेवाले वाहन से खाद्यान्न की अनलोडिंग बंद कर देंगे। इसकी जिम्मेवारी अभिकर्ता की होगी।

बीसीसीएल का क्लर्क घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

धनबाद । धनबाद में बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में सोमवार सीबीआई की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने बीसीसीएल के स्थापना डिपार्टमेंट में कार्यरत क्लर्क प्रणय सरकार को सात हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि क्लर्क प्रणय सरकार एक कर्मचारी से भविष्य निधि (पीएफ) की राशि ट्रांसफर करने के एवज में 14 हजार रुपये की मांग कर रहा था। वहीं, उक्त कर्मी ने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी। मामले के सत्यापन के बाद आज सीबीआई की टीम ने घूस की पहली किस्त सात हजार रुपये लेते क्लर्क प्रणय सरकार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

चाकू मारकर बाइक लूटने वाला अपराधी वाहन जांच में गिरफ्तार

पलामू । चाकू मारकर बाइक लूटने वाला इंटर डिस्ट्रिक्ट अपराधी वाहन जांच में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सरैया मझगांवा में अमानत पुल पर वाहन जांच में उसे गिरफ्तार किया गया। इसके पास से लूट का बाइक बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपित बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पातिल पाठक पगार के पवन सिंह (19) के रूप में हुई है। तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस सरैया मझगांवा में अमानत पुल पर वाहन जांच में जुटी थी। वाहनों को रोक कर जांच की जा रही थी तभी सरिया की तरफ से एक अपाचे बाइक पर एक युवक आते नजर आया उसे रोकने का इशारा किया गया इशारा पाते ही युवक गाड़ी को भगाने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। गाड़ी के कागजात मांगे गए तो आरोपित प्रस्तुत नहीं किया। बाइक पर लगे रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच 03 एएच 8790) की जांच की गई तो गाड़ी का इंजन एवं चेचिस नंबर अलग-अलग एवं उसमें लगा है ।

कोयले के कारोबारी मजदूरों को दे रहे लालच, तस्करी में जान गवां रहे ग्रामीण

रामगढ़ । कोयले का अवैध कारोबार हजारीबाग और रामगढ़ के सीमावर्ती इलाके में बड़े पैमाने पर हो रहा है। इस कारोबार में शामिल लोग मजदूरों की जान जोखिम में डालकर अपनी जेबें भर रहे हैं। खाकी, खादी और व्यापारी के गठजोड़ में अगर कोई पीस रहा है, तो वह मजदूर है। कारोबारियों के जरिये मजदूरों को ऐसा लालच दिया जा रहा है कि वे अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। इसका उदाहरण उरीमारी थाना क्षेत्र के लुरुंगा जंगल में हुआ हादसा है। यहां चाल धंसने से दो मजदूरों की हुई मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। हालांकि इस मामले में ग्रामीण और परिजन कानून के शिकंजे से बचने के लिए अपनी जुबान नहीं खोल रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि जिनके घरों के चिराग बुझ गए, अब उनके परिजनों को निवाला कैसे नसीब होगा, यह कह पाना मुश्किल है। इस पूरे प्रकरण में हजारीबाग एसपी और उरिमारी थाना प्रभारी ने पहले तो ऐसी हादसा की सूचना से ही इनकार किया। बाद में जब लुरुंगा बस्ती के मुखिया और अन्य ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, तो इस प्रकरण की जांच का राग अलापा गया। इस हादसे को हुए 48 घंटे से अधिक हो चुके हैं। लेकिन अभी तक ना तो पुलिस की जांच प्रक्रिया आगे बढ़ी और ना ही इस मामले में कोई कार्रवाई हो पाई है। हालांकि कानूनी दांव-पेंच में अवैध चाल में कोयला तस्करी करने गए मजदूर भी दोषी माने जाएंगे। शायद इसीलिए परिजन भी खामोश हो गए। लेकिन कोयले का अवैध कारोबार ही उन दो मजदूरों की मौत की वजह बनी है। शनिवार की शाम हुई इस घटना के बाद पूरी रात ग्रामीण और कोयला तस्कर अवैध चाल से राहुल गंझू और रवि गंझू की लाश निकालने में जुटे रहे, ताकि इस पूरे मामले को रफा दफा किया जा सके। रविवार को उन दोनों की लाश का अंतिम संस्कार किया गया। उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार ने इतना बताया कि पुलिस को इस बात की खबर लगी है कि राहुल और रवि बाइक से शनिवार की शाम कोयल का खनन करने गए थे। इसी दौरान चाल धंसने से उनकी मौत हुई है। अभी तक इस मामले में किसी ने भी लिखित शिकायत नहीं की है। इस मामले में भाजपा के वरीय नेता और दाडी क्षेत्र के पार्षद सर्वेश सिंह ने पुलिस पर ही बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि राहुल और रवि नामक मजदूर की मौत की वजह कोयले का अवैध कारोबार है। लुरुंगा जंगल में अगर पुलिस इस अवैध कारोबार को पनपने नहीं देती तो शायद उन मजदूरों की जान नहीं जाती। उन्होंने बताया कि इस मामले को रफा दफा करने में भी कोशिश की जा रही है। उन्होंने मजदूरों की मौत पर झारखंड सरकार को भी घेरा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार में अवैध कारोबारी सक्रिय हैं, जिससे न सिर्फ राजस्व की क्षति हो रही है, बल्कि जिन मजदूरों का भविष्य संवारना चाहिए था, वे अवैध चाल में अपनी जान गवां रहे हैं।

एचईसी के कामगारों को 15 दिन का वेतन जल्द मिलेगा

रांची । एचईसी के कामगारों को एक-दो दिन में 15 दिनों का वेतन भुगतान होने की संभावना है। वेतन के लिए चेक भेज दिया गया था, लेकिन तकनीकी कारणों से चेक होल्ड हो गया था। मंगलवार तक तकनीकी गड़बड़ी दूर कर ली जाएंगी। इसकी जानकारी हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महासचिव लीलाधर सिंह ने सोमवार को यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने औद्योगिक शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कामगारों से उत्पादन बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एचईसी को लेकर कई तरह का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। कामगारों से इस पर ध्यान नहीं देने को कहा गया।राज्यसभा की उद्योग की संसदीय समिति की बैठक 21 जनवरी को दिल्ली में प्रस्तावित है। इस बैठक में एचईसी पर भी विचार किया जा सकता है।

ठुकरा के मेरा प्यार सीरीज के निर्माता ने रांची में दर्शकों से साझा की इनसाइड स्टोरी

रांची । डिज्नी हॉट स्टार पर ठुकरा के मेरा प्यार अब तक की सबसे ज्यादा सब्सक्राइब की जाने वाली विशेष सीरीज बन गई है। सीरीज की सफलता का जश्न मनाने के लिए सोमवार को रांची पहुंचे निर्माता सचिन पांडे और अभिनेत्री संचिता बाशु ने दर्शकों को शो से जुड़ने और पसंद करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही सीरीज को सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जानी की बात भी कही। दोनों ने शो के प्रशंसकों से बातचीत की। सीरीज और इसकी यात्रा के बारे में शो से जुड़े किस्सों से साथ इनसाइड कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि यह शो कैसे एक सांस्कृतिक घटना बन गया। इस दौरान दोनों ने शो को मिले अपार प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद दिया।

डॉक्टर से बीस लाख रुपए से अधिक साइबर ठगी का मामला आया सामने, एफआईआर दर्ज

बोकारो । बोकारो स्टील प्लांट के बोकारो जनरल अस्पताल के चिकित्सा प्रमुख डॉक्टर विभूति भूषण करुणामय से 20 लाख 86 हजार 947 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दी है। बोकारो एसपी मनोज स्वर्गीयरी ने बताया कि मामले की जांच शुरू हो गई है और ठगों के खाते को चिन्हित कर लिया गया है।वहीं, बोकारो स्टील ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार पांडे ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से अधिकारियों को इस तरह के कॉल आ रहे हैं। उन्होंने खुद भी एक कॉल मिलने की बात कही, जिसकी जांच में वह नंबर पाकिस्तान का निकला।अजय पांडेय ने बताया कि ऐसे कॉल्स अधिकारियों को बार-बार किए जा रहे हैं। सतर्क रहने की आवश्यकता है।एसपी ने बताया, मामले की जांच चल रही है। साइबर टीम को ठगों के बैंक खाते का पता चला है। जल्दी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है। ठगी के इस मामले में साइबर सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

झामुमो नेता का शव बरामद

गिरिडीह । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो.) के वरिष्ठ नेता के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर महतो (70) का शव बरामद हुआ है। बताया गया कि रविवार देर शाम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित धन्यडीह इलाके के ईट भट्ठे के पड़ा मिला। वही पास में उनका घर भी हैं। परिजनों ने गांव के ही धीरेन सिंह और उसके बेटे पर हत्या का आरोप लगाया है। ईट भट्ठे के समीप जिस हालत में जागेश्वर महतो का शव मिला है उससे साफ है कि उनकी हत्या गला रेतकर की गई है । देर शाम इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पहुंचे ।

हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं : संजय सेठ

हजारीबाग । भाजपा की ओर से सोमवार को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के आवासीय कार्यालय में आयोजित संविधान गौरव अभियान ऐतिहासिक और भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारतीय संविधान की महानता और उसकी रचना में शामिल महापुरुषों के योगदान को सम्मान देने और आम जनता के बीच संविधान की भावना को प्रचारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। जबकि मंच संचालन जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष इद्रनारायण कुशवाहा और धन्यवाद ज्ञापन अरविन्द सिकरवार ने किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज कुमार यादव और बरकट्ठा विधायक अमित यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, और डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीरों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संविधान गौरव अभियान के अवसर पर कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यह वह आधार है, जिसने हमारे देश को एक सशक्त और समावेशी राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा, कि डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, और संविधान सभा के अन्य सदस्यों ने जो दूरदर्शिता और समर्पण दिखाया, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

रांची, खूंटी और गुमला में फूड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए मेगा प्रोजेक्ट लगाने की तैयारी

रांची। राज्य के तीन जिले रांची, खूंटी और गुमला में फूड प्रोसेसिंग उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मेगा प्लांट प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बन रहा है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई) के तहत इस प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा। उद्योग निदेशालय इस प्रस्ताव को भारत सरकार को भेजेगा। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद इस दिशा में काम शुरू करेगा। इस प्रोजेक्ट के आने से छोटे-छोटे उद्यमियों को मिलेट उत्पाद, राइस बेस्ड, आचार, फल, टमाटर, केचअप जैसे उद्योग को मदद मिलेगी। यह प्रोजेक्ट उन उद्यमियों के लिए फायदेमंद होगा, जो फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में बेहतर काम कर चुके हैं। ऐसे उद्यमी निदेशालय द्वारा प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर भी अपना सहयोग कर पाएंगे। पीएमएफएमई योजना के तहत विभिन्न जिलों के छोटे-छोटे उद्यमियों से फूड प्रोसेसिंग कार्य के लिए आवेदन स्वीकृत किए जा रहे हैं। वर्तमान में निदेशालय को राज्य के 24 जिलों में 3859 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3000 के करीब आवेदन स्वीकृत भी हुए हैं। गोड्डा, हजारीबाग, चतरा, पश्चिम सिंहभूम से सबसे अधिक आवेदन निदेशालय को मिले हैं।फूड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए निदेशालय रांची में एक इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने की भी तैयारी में है। इन्क्यूबेशन सेंटर एक ऐसा कार्यक्रम या सुविधा है ।

राज्य की गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य : राजीव रंजन

रांची । झारखंड गो सेवा आयोग की बैठक सोमवार को रांची स्थित पशुपालन भवन में हुई। इस दौरान निबंधित गोशालाओं को समृद्ध बनाने के दृष्टिकोण से उनके लंबित आधारभूत संरचना मद एवं पोषित गोमाताओं के भरण-पोषण के लिए कुल एक करोड़ पचीस लाख पचहत्तर हजार रुपये का चेक राज्य की गोशालाओं को वितरित किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि राज्य की गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसी कड़ी में गोशालाओं को आधारभूत संरचना मद में राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि पूर्व की सरकार के नेक इरादों की बदौलत आज झारखंड तरक्की की राह पर अग्रसर है। पिछले एक दशक में पूर्व की सरकार ने झारखंड की गौशालाओं की जो अनदेखी की है उसे वर्तमान की सरकार पूरा कर रही है, जिसका परिणाम है कि विगत एक वर्ष में तीन करोड़ से भी अधिक की मदद कर गोशालाओं को सशक्त बनाया गया है।

राज्य के वित्त मंत्री ने किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

पलामू । राज्य के वित्त,वाणिज्यकर,योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के माननीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को शिवाजी मैदान में अयोजित जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी 2025 का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,जिला पशुपालन,जिला कृषि पदाधिकारी एवं गव्य विकास पदाधिकारी,उद्यान पदाधिकारी समेत सामाजिक कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या विभिन्न प्रखंडो से आये किसान उपस्थित रहे।जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री किशोर ने कहा कि पलामू जैसे जिले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि में कृषि विभाग की अहम भूमिका है।उन्होंने कहा कि हमारे जिले में जब कम बारिश होती है तो सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है इससे बचने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि कम बारिश के बावजूद हम फसल उत्पादन को कैसे बढ़ा सके,इस योजना पर कार्य किये जाने चाहिये।उन्होंने वर्षा जल के संचयन करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि किसानों के आय में वृद्धि को लेकर अधिकाधिक प्रयास किये जाने चाहिये।मंत्री श्री राधा कृष्णा किशोर ने मत्स्य पदाधिकारी से जिले में मछली उत्पादन की जानकारी लेते हुए इसके उत्पादन में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य किये जाने की बात कही।उन्होंने कहा कि मछली उत्पादन में इस तरह की वृद्धि होने चाहिए जिससे कि पलामू से दूसरे जिले में मछली की आपूर्ति की जा सके।इसी क्रम में उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को दुधारू गाय के वितरण करते समय ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही।उन्होंने कहा कि दूध के उत्पादन में बढ़ोतरी लाने को लेकर विशेष कार्य योजना तैयार किए जाने की आवश्यकता है,जिसमें पशुपालन विभाग की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने सभी को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित किये जाने की बात कही।उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़ी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है।

अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल, तीन को मामूली चोटें

देवघर। जिले में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो

नेहरू युवा केंद्र द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रैली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन

जामताड़ा। नेहरू युवा केंद्र जामताड़ा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को कोर्ट रोड जामताड़ा से सुभाष चौक तक एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा शपथ के साथ की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों और उपस्थित अतिथियों को सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जामताड़ा के ट्रैफिक इंस्पेक्टर रविंद्रनाथ यादव, डॉ काकुली गोराई (एनएसएस जामताड़ा), और नेहरू युवा केंद्र के उदय कुमार सिंह ने संबोधन दिया। उन्होंने श्रोताओं से सड़क पर सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उदय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, हवा के झोके से बुझी मोमबत्ती दोबारा जल सकती है, लेकिन सड़क पर जरा सी लापरवाही में खोई जान को वापस नहीं लाया जा सकता। वही ट्रैफिक इंस्पेक्टर रविंद्रनाथ यादव ने अपने भाषण में यातायात नियमों की महत्वता पर जोर देते हुए कहा, ÷सड़क सुरक्षा सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यह हम सबकी सामूहिक सुरक्षा के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में मिथुन महतो, संतानु सेन, बैधनाथ हंसदा, सोनाली रवानी, संजना कुमारी साव सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे, जिन्होंने रैली में भाग लिया और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझा। इस रैली और कार्यक्रम के माध्यम से नेहरू युवा केंद्र जामताड़ा ने यह संदेश देने की कोशिश की कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना हर नागरिक का कर्तव्य है और हम सब मिलकर इसे लागू कर सकते हैं।

झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक) प्रखंड कमिटी गठित

बोरियो, साहिबगंज। झारखंड मजदूर संघ जिल सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव लगातार जिले के विभिन्न प्रखंडों में बैठक कर रहे है।वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय बोरियों के समक्ष सोमवार को झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक) प्रखंड कमेटी गठन को लेकर मनोज मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद रहे।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि साहिबगंज जिले में बेरोजगारी भुखमरी पलायन जैसी विकराल समस्या है ऐसी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए स्थानीय मजदूरों में एकता असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का हक और अधिकार की रक्षा करना संघ का उद्देश्य है।बैठक में प्रखंड स्तरीय कमिटी की घोषणा की गई।जिसमे प्रखंड अध्यक्ष सोमाय मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर पहाड़िया,उपाध्यक्ष आशुतोष सोरेन,मृत्युंजय रुज,महामंत्री मनोज मुर्मू,संयुक्त मंत्री अविनाश मुर्मू,सहायक मंत्री बीरेंद्र हंसदा,मेसा पहाड़िया कार्यालय मंत्री फिल्फ बासकी,कोषाध्यक्ष पिनाकी सेन,संगठन मंत्री रसका चौड़े,सदस्य मनिंद्र हंसदा,छोटा बबलु पहाड़िया,रमा पहाड़िया को बनाया गया।बैठक में फुल कुमारी,महेंद्र ठाकुर,मनोज सोरेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विधायक ने प्रखण्ड क्षेत्र का दौरा किया

बरहरवा- पाकुड़ विधानसभा के विधायक निसात आलम बीते रविवार को बरहरवा प्रखंड के रामनगर , कालू पंचायत के थोपग्राम, कन्हाईडांगा,रामनगर,सपेरियापाड़ा आदि ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से रुबरु होकर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और कहा की पाकुड़ विधानसभा से चुनाव में हमे प्रचंड वोट से जीत दिलाने में आपकी बहुत बड़ी भागीदारी है. यहां तक कि आपने झारखंड में सबसे ज्यादा वोटो से जीता कर इतिहास रचने का काम किया है। जिसके लिए हम आपको तहे दिल से धन्यवाद करते है. और आपने जो प्यार,स्नेह,समर्थन, विश्वास जताने का काम किया है उसके लिए हम आपके सुख दुःख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगी।हमारे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम जब भी रांची से अपने अपने आवास आते थे तो क्षेत्र का भ्रमण करते थे .और लोगों की समस्या से रूबरू होते थे. मैं भी उन्हीं के अधूरे सपने को पूरे करने के लिए जब भी आवास आती हूं तो किसी न किसी क्षेत्र में आप लोग का स्नेह प्यार सुख-दुख बांटने आपके समक्ष चली आती हूं । मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, कार्यकारी प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, अनारुल खान, मुखिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

धुपची सूर्य देवता की पूजा-अर्चना व भक्ति के साथ समाप्त

उधवा। आस्था का महापर्व धूपची का अस्ताचलगामी सूर्य को धुपची व्रतियों के द्वारा मेड़ में सात चक्कर लगाकर रविवार को समाप्त हो गया।बंगाली संस्कृति सनातन धर्म मतावलंबियों के द्वारा मकरसंक्रांति के बाद माघ मास के प्रथम रविवार को धुपची का महापर्व प्रतिवर्ष मनाया जाता है।जिसे स्थानीय भाषा में बड़ा सूर्य पर्व या धुपची पर्व के नाम से प्रचलित हैं। जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड के राधानगर, बेगमगंज, कठहलबाड़ी, फुदकीपुर, उधवा, नवपाड़ा,सुतियारपाड़ा, जोंका, आतापुर सहित दर्जनों गांवों में रविवार को धुपची पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। शनिवार को नहाय-खाय के साथ सूर्य पर्व धुपची आरंभ हुआ। रविवार सुबह से ही सूर्य उपासना व्रतियों ने उदीयमान भगवान सूर्य को पूजा अर्चना कर सिर में धुपची रखकर सात चक्कर लगाये।इस दौरान हजारों सूर्य उपासक श्रृद्धालुओं ने एक दिन का उपवास रखा। वहीं भगवान सूर्य के अस्ताचलगामी को श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की तथा केला वृक्ष से बनाए गए मेड़ का सात चक्कर लगाकर आस्था का सूर्य महापर्व धुपची सम्पन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और परिवार की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की।वहीं धुपची पर्व के अवसर पर कई जगहों पर एक दिवसीय छोटे मेले भी लगाया गया। सभी गांव में पर्व को सुसज्जित ढंग से संचालन हेतु अस्थाई कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के द्वारा सूर्य व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को हर संभव मदद पहुंचाया गया।

शालिग्राम हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज। 2 दिसम्बर 2024 को तीनपहाड़ थाना अंतर्गत लालबान में अज्ञात बदमाशों ने शालीग्राम मंडल की हत्या लूटपाट के दौरान गोली मार कर कर दी गई थी। उक्त कांड के उद्भेदन व बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ने एसआईटी का गठन किया था। गहन अनुसंधान के पश्चात एसआईटी ने 19 जनवरी को इस घटना को अंजाम देने वाले सभी बदमाश की गिरफ्तारी कर ली। घटना में प्रयुक्त हथियार, बाइक व मोबाइल फोन को बरामद किया गया है। बदमाशों ने रांगा थाना में कांड संख्या 110/24 आमझोर, तालझारी सीमा के पास दिनांक 20,ल अक्टूबर 24 को 1444000 रुपये की लूट कांड में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

गिरफ्तार बदमाश

1-इंताज अंसारी (26), तलबड़िया, रांगा थाना

2-सकल सोरेन(35), दुर्गापुर थाना, तीनपहाड़

3-लखन टूडू(36) बड़ा दुर्गापुर तालझारी

4-ठाकुर सोरेन(32), वृंदावन, सड़क टोला, तीनपहाड़

जब्ती1-देसी कट्टा-12-इंताज से बरामद बाइक जेएच 18जे5-5133-सकल सोरेन के पास से बरामद बाइक4-ठाकुर सोरेन से बरामद बाइक5-3 मोबाइल फोन

सकल सोरेन 1-रांगा थाना कांड संख्या 89/15, 86/15, 124/19, लिट्टीपाड़ा थाना कांड संख्या 51/20, अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 45/20, रांगा थाना कांड संख्या 16/20, पाकुड़ मुफ़स्सिल 20/18, 138/16, बोरियो थाना कांड संख्या 255/20, बरहेट थाना कांड संख्या 84/20, रांगा थाना कांड संख्या 82/20 लखन टूडूरांगा थाना कांड संख्या 89/15, 86/15

ठाकुर सोरेन बोरियो थाना कांड संख्या 334/20, लिट्टीपाड़ा कांड संख्या 51/20, अमड़ापाड़ा थाना 45/20, रांगा 124/20, बोरियो थाना 255/20, बरहेट थाना 84/20, रांगा थाना 82/20

राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार सिंह, राजमहल इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, तीनपहाड़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, राजमल थाना प्रभारी मो गुलाम सरवर, बरहरवा एसआई गुलशन कुमार व तकनीकी शाखा से अभिषेक कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

डीसी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के बारह प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

साहिबगंज। उपायुक्त कार्यालय में सोमवार को जिला के डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति और जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की गई। जहां बैठक में शिक्षा,स्वास्थ्य, प्रशासन और विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न विभागों के बारह प्रस्तावों पर चर्चा कर डीसी ने स्वीकृति देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा,अपर समाहर्ता गौतम भगत, एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा,जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू ने 9 विकेट से जीता मैच

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में सोमवार को छात्रपति शिवाजी क्रिकेट क्लब बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। नेताजी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी की। छत्रपति शिवाजी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 81 रन बना कर ऑल आउट हो गई। श्रवण कुमार ने 10, शुभेंदु ने 12, शहबान ने 18 रनों की पारी खेली। नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू के गेंदबाज राजीव व अब्राहम शेख ने 3-3, राहुल ने 2 व अभिषेक आनंद ने 1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू ने 8.3 ओवर में 1 विकेट पर 82 रन बना कर 9 विकेट से मैच जीत लिया। अब्राहम शेख ने नाबाद 55 व अनुराग कुमार ने नाबाद 20 रनों की पारी खेली। नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू के खिलाड़ी अब्राहम शेख को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने अब्राहम शेख को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग सुधीर कुमार सुधा व ओंकार नाथ तिवारी एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 21 जनवरी को बरहेट वारियर्स बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

कांग्रेस पार्टी संविधान विरोधी ताकतों से लड़ती रहेगी - जलालउद्दीन

फतेहपुर (जामताड़ा)। सोमवार को आसनबेड़िया में प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान रक्षक अभियान चलाया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष जलालउद्दीन अंसारी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह अभियान पांच प्रमुख विषयों पर आधारित है। जिसमें पहला संविधान और समानता की लड़ाई है, दूसरा संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण की सुरक्षा, तीसरा भेदभाव का उन्मूलन एक मुख्य संवैधानिक मूल्य, चौथा गरीबों के संविधान के विरुद्ध पूंजीवादी सरकार और पांचवा है संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता को बचाएं। आगे उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी इन मूल्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेगी और संविधान विरोधी ताकतों से लड़ते रहेगी। प्रोग्राम के सफल संचालन के लिए प्रदेश सचिव सह प्रखंड पर्यवेक्षिका पूर्णिमा धर उपस्थित रही। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम निरंतर 25 जनवरी तक चलती रहेगी। मौके पर ईशाद अली, रितु पति पंडित, मुरताज अंसारी, विभु महतो, आबुल अंसारी, सद्दाम अंसारी, मनीका हांसदा, नवाब मियां, अजीत हांसदा, फिरोज अंसारी आदि उपस्थित रहे।

विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा छात्र व छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

उधवा। झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष श्री अखिल कुमार के निर्देशन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिला के सभी प्रखंडों में भी डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इस कड़ी में सोमवार को प्रखंड के श्रीधर पंचायत अंतर्गत काशीमणीरामपुर राजकीय मध्य विद्यालय एवं स्वामी विवेकानन्द उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकार पीएलवी सुचित्रा सरकार ने विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी दी। उन्होंने छात्र व छात्राओं को, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 , 15100 , पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी दहेज प्रताड़ना बाल विवाह सहित अन्य के बारे जानकारी दी।इसके अलावा डालसा के ओर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया।आपको बता दें विधिक जागरूकता कार्यक्रम डालसा के तहत 90 दिनों तक जिला के सभी प्रखंडों में की कानूनी जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मौके पर पीएलवी रूपेश्वर सरकार,शिक्षक गौरचन्द्र मंडल,मध्य विद्यालय के सत्यवान मंडल सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

प्रधानाचार्यों की बैठक में विद्यालयीन कार्यों की हुई समीक्षा

साहिबगंज। शहर के विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को साहिबगंज विभाग के प्रधानाचार्यों के बैठक किया गया।बैठक में विद्या विकास समिति,झारखंड की सदस्या एवं स्थानीय समिति सचिव डॉ मृदुला सिंह एवं साहिबगंज के विभाग सह प्रमुख रमेश कुमार उपस्थित थे।बैठक में सत्र 2024-25 में विद्यालयीन कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र 2025-26 में नए नामांकन की योजना बनाई गई।आगामी सत्र 2025-26 के वार्षिक बजट तैयार करने की चर्चा की गई।सत्र 2024-25 का अंकेक्षण समय पर पूर्ण करने पर चर्चा की गई।आचार्य शैक्षिक कौशलता लाने के लिए समय-समय पर आचार्यों के प्रशिक्षण पर चर्चा की गई।भैया/बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए संकुल स्तरीय व्यक्तित्व विकास वर्ग आयोजित करने की योजना बनाई गई।बैठक में संकुल संयोजक एवं सचिव कोटालपोखर विद्यालय भवेश कुमार साह,रामदेव राम,प्रमोद कुमार आजाद,तुलसी मंडल,योगेश प्रसाद,बापीन दास,कुशल कुमार आचार्य,सुरेश प्रसाद,हेमा कुमारी,राहुल दास उपस्थित थे।

विद्यालय एवं कॉलेज में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

साहिबगंज। जिले के सभी प्रमुख विद्यालयों में सोमवार को सड़क सुरक्षा स्कूल,कॉलेज जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया एवं सड़क सुरक्षा पैदल रैली भी निकाली गई।इस दौरान लेकर क्विज प्रतियोगिता,ड्राइंग प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता किया गया। जहां बोरियो प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के साथ पैदल रैली बोरियो प्रखंड में निकला गया।सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई साथ ही सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया। सभी बच्चों को यह हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करें स्कूल आते समय आपके परिजनों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने को निश्चित तौर से कहे,अपने परिजनों को नशे की हालत में वाहन ना चलाने को कहे।साथ ही स्कूल बस अथवा टोटो ऑटो में विद्यालय आते समय अपने हाथ पांव या सर को वाहन के बाहर ना करें सुरक्षा नियमों का पालन करें एक आदर्श जागरुक एवं नेक विद्यार्थी बनकर देश का भविष्य बने।साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता,क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह,सड़क सुरक्षा योद्धा समाज सेवी ओम प्रकाश पंडित,बोरियो थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

पंजीकृत मजदूरों को दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो लाख रुपए का लाभ मिलेगी

कुंडहित (जामताड़ा) सोमवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के द्वारा राज्य के बाहर जाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जागरूक करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रमुख रामकिशोर मुर्मू, श्रम अधीक्षक शैलेंद्र कुमार साह, प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले रजा, श्रम निरीक्षक किरण वाला दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रम अधीक्षक शैलेंद्र कुमार साह ने सभागार में उपस्थित मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य आदि को जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग जमिनी स्तर पर कार्य करने वाले जन प्रतिनिधि या कर्मी है। अपने क्षेत्र में बाहर काम करने वाले श्रमिकों का डाटा रखें। डाटा नहीं रहने के कारण कोरोना कल के समय काफी समस्या का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जामताड़ा जिला के कुंडहित प्रखंड क्षेत्र से सर्वाधिक मजदूरों का पलायन होता है। जो मजदूर अपने क्षेत्र में काम न करके अन्य प्रदेशों में काम करने जाते हैं । वैसे मजदूरों का डाटा रखे। बाहर काम पर जाने वाले मजदूरों का श्रमाधान पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करावें। उन्होंने कहा कि मजदूरों को अन्य प्रदेशों में काम पर ले जाने के लिए मेट होती है। यह मेट मजदूरों को बहला फूसला कर ले जाते हैं। मेट विभिन्न गांव में अपने एजेंट छोड़ रखे हैं जो एक स्लीपर सेल की तरह काम करते हैं। अन्य प्रदेशों में मजदूरों का शोषण होता है। मेट के स्लीपर सेल नए-नए लोगों की तलाश करता है। उन्होंने कहा कि अगर गांव में मेट मजदूरों को लेने के लिए आते हैं तो मुखिया मेट के साथ एक एग्रीमेंट करके ही मजदूरों को बाहर भेजें।

थम नहीं रहा है आवारा कुत्तों का आतंक, शहर के हर गली मोहल्ले में लोग हो रहे हैं शिकार

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे थम नहीं रहा है आवारा कुत्तों का आतंक, शहर के हर गली मोहल्ले में लोग हो रहे हैं शिकार जहाँ दर्जनों भर लोगों को काटकर किया घायल, अब जिले का ऐसा कोई मोहल्ला या गाली नहीं है, जहां आवारा कुत्ता ना हो 7 शहर के सड़कों से लेकर छोटे से छोटे गली मोहल्ले में इनका आतंक चल रहा है. जो हर दिन हर मोहल्ले गली में किसी न किसी को कटते जरूर है7 लगातार इनका आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है 7 जिले भर में दर्जनों भर लोगों को आवारा कुत्ते ने काट कर घायल कर दिया वही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रतिदिन आवारा कुत्ता लोगो को काट रहे है. सोमवार को आवारा कुत्तों ने दर्जनों भर से अधिक लोगो को काटकर जख्मी कर दिया.मिली जानकारी के अनुसार सभी पिड़ित इलाज के साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंच कर अपना इलाज कराया जिसमें परी कुमारी 4 वर्ष तीनपहाड़, महफूज आलम 22 रसूलपुर दहला, आयुषी कुमारी 14 रसूलपुर दहला, दोरण शर्मा 54,रसूलपुर दहला, निखिल कुमार 11 कॉलेज रोड, अमित कुमार मंडल 19 किशन प्रसाद, आकाश कुमार 29 बाटा रोड, सायोम चौधरी 7 गैस गोदाम, अनु कुमारी 11 तालबन्ना, निशा कुमारी 10 महादेवगंज,अफा 9 रसूलपुर दहला, वासुदेव मंडल 55 रानीपुर दियारा व अन्य लोगों को काटकर घायल कर दिया सभी घायलों को सदर अस्पताल में एंटी रेबीज की सूई ली ।

मंथन ने बाल विवाह मुक्त बनाने का किया वादा

साहिबगंज। मंथन के निदेशक बिपलव महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि एवीए और मंथन 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं।नीति आयोग बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए 12 राज्यों के 73 आकांक्षी जिलों में करेगा एवीए का सहयोग।स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से और हाशिये के परिवारों को जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा।मंथन साहिबगंज जिले में बाल अधिकारों और बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए करता है काम।बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है।मंथन ने कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है और वे साहिबगंज जिले को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।एवीए और मंथन दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं।मंथन के निदेशक बिपलब महतो ने कहा, ÷हम भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत'अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये सतत और अथक प्रयास कर रहे हैं।वहीं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने कहा, ÷आज समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं।

जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

साहिबगंज।झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के द्वारा सोमवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में जरूरतमंदों,दिव्यांगों के बीच इस कड़ाके की ठंड में कंबल का वितरण किया गया। वहीं प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत द्वारा पैरा लीगल वालंटियर को शामिल कर एक टीम गठित किया गया तथा उनके द्वारा जरूरत मंदों,लाचार,बूढ़े,विधवा तथा बच्चों के लिए इस कड़ाके की ठंड में को कम्बल उपलब्ध के साथ ही साथ जिला प्रशासन के साथ शहर के मुख्य स्थान पर जलावन एवं अलाव का भी व्यवस्था किया गया।प्राधिकार के सचिव ने बताया कि आगे भी जिला प्रशासन तथा नगरपालिका के साथ समन्वय कर कंबल वितरण किया जा रहा है तथा जिले के विभिन्न आश्रय गृहों तथा रैन बसेरा का दौरा कर बेघर व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जा रहा है।मौके पर रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

सकरोगढ़ चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुनील झा

साहिबगंज-नगर के चैती दुर्गा मंदिर समीप हनुमान मंदिर के प्रांगण में आगामी चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया।बैठक में भव्य पूजा मनाने को लेकर कई लोगों ने अपने अपने विचार प्रकट किया।वही पूजा को लेकर एक कमिटी का गठन भी किया गया।जिसमें अध्यक्ष सुनील झा, उपाध्यक्ष गोपाल यादव,सचिव विजय कुमार सिंह,उप सचिव ऋषि कुमार चिंटू,कोषाध्यक्ष कुणाल चौधरी,उप कोषाध्यक्ष अभिषेक झा,पूजा प्रभारी मुन्ना तांती एवं ऋतिक सिंह,पूजा महाप्रबंधक नवल किशोर मंडल,पूजा संरक्षक हेमंत तांती एवं ओम जायसवाल,सोशल मीडिया प्रभारी आर्यन एवं लाइसेंस प्रभारी देवव्रत सिंह को बनाया गया।वही युवा शक्ति के रूप में विवेक मंडल,अभिषेक मंडल,तनप्रीत सिंह, अंमत कुमार ठाकुर,मुकेश पासवान,दिनेश पासवान,मनीष सिंह,मनीष यादव,प्रेम मोदी, करण,सन्नी,यश,बिट्टू,राजीव रंजन यादव एवं पीयूष श्रीवास्तव का चयन किया गया।

52वीं तुलसी लाहिड़ी स्मृति एकांक नाटक प्रतियोगिता का शुभारंभ,

चितरंजन। चितरंजन के श्रीलता इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 52वीं तुलसी लाहिड़ी स्मृति एकांक नाटक प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को श्रीलता प्रेक्षागृह में धूमधाम से हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चितरंजन रेल इंजन कारखाने के अधिकारी दिनेश प्रसाद शाह और प्रदीप टोप्पो उपस्थित रहे, जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर इस नाट्य प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रतियोगिता का पहला नाटक चितरंजन के आंतरिक द्वारा प्रस्तुत किया गया, इसके अलावा चितरंजन के परबास और कोलकाता के विभाव नाट्य अकादमी ने भी अपने नाटक प्रस्तुत किए। उद्घाटन समारोह में संस्थान के सामान्य सचिव शुभाशिष नंदी और सांस्कृतिक सचिव नीलाद्री मंडल ने भी अपने विचार रखे। इस आयोजन ने क्षेत्रीय नाट्य कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया है।प्रतियोगिता के दूसरे दिन गयेशपुर के मंचसेना, अगरपाड़ा के कालपुरुष और रुपनारायणपुर के विकल्प ने अपने नाटक पेश किए।

सबसे चर्चित अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह

दुनिया के देशों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह चर्चाओं में है। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज 20 जनवरी सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ले रहे हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए जो चंदा एकत्रित किया गया उसका अपना एक अलग रिकॉर्ड बन गया है। सबसे ज्यादा चंदा पाने वाले डोनाल्ड ट्रंप पहले राष्ट्रपति बने हैं, जिन्हें कारपोरेट कंपनियां ने दिल खोलकर चंदा दिया है। चंदा देने वाली कंपनियों में टेक्नोलॉजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्रिप्टोकरंसी और कई बड़ी-बड़ी कंपनियां शामिल हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आयोजन के लिए 200 मिलियन डॉलर का चंदा शपथ ग्रहण समारोह के लिए डोनाल्ड ट्रंप एकत्रित कर सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए अमेरिका के इतिहास में अभी तक का यह सबसे बड़ा चंदा है। अमेरिका में राष्ट्रपति को चंदा देने की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति को मिले हुए दान का खुलासा करना पड़ता है। शपथ ग्रहण समारोह में जो खर्च हो रहा है उससे ज्यादा चंदा एकत्रित हो जाने से अमेरिका में इस बात की चर्चा होने लगी है कि भविष्य में इस चंदे का उपयोग किस काम के लिए होगा। शनिवार की देर रात चीनी कंपनी टिकटॉक की सेवाएं बंद कर दी गईं थीं। अमेरिका में टिकटॉक प्लेटफार्म से करोणों लोग जुड़े हुए हैं। अमेरिकी नागरिकों की कमाई का एक बड़ा जरिया टिकटॉक कंपनी थी। रविवार की देर रात इसको पुनः शुरू कर दिया गया। ट्रंप शपथ ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति टिकटॉक कंपनी को 90 दिन तक शुरू करने का आदेश देने वाले हैं। उनके मौखिक आदेश पर टिकटॉक की सेवाएं शुरू कर दी गईं हैं। माना जा रहा है कि इस कंपनी को एलन मस्क की कंपनी खरीद सकती है, क्योंकि अमेरिका के रोजगार से जुड़ा हुआ यह मामला है। अतः माना जा रहा है कि टिकटॉक जल्द ही नए नाम से अमेरिका में व्यवसाय शुरू कर देगी।

ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह इसलिए भी चर्चाओं में है क्योंकि अमेरिका से जिन राष्ट्रों के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं उन्हें भी शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भेजा गया। यूरोपीय संघ और मित्र राष्ट्रों को उन्होंने चुन-चुन कर शपथ ग्रहण का न्योता भेजा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने पिछले चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का चुनाव प्रचार किया था अबकी बार ट्रम्प सरकार का नारा लगाया था उन्हें शपथ ग्रहण में नहीं बुलाया गया। यह अलग बात है कि भारत के विदेश मंत्री को अमेरिका का न्यौता आया और वह शपथ ग्रहण में भाग लेने के लिए गए हैं। मुकेश अंबानी और नीता अंबानी को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भेजा गया जिसको लेकर भारत में बड़ी चर्चा हो रही है। सारी दुनिया में शपथ ग्रहण समारोह की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि एक तरफ शपथ ग्रहण समारोह के लिए सबसे ज्यादा चंदा इकट्ठा किया गया तो वहीं पुरानी सारी परंपराओं को तोड़कर शपथ ग्रहण समारोह के लिए अतिथियों को बुलाया गया। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद दुनिया के सभी देशों में इसकी क्रिया और प्रतिक्रिया हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति शपथ लेने के बाद 100 ऐसे आदेश जारी करने जा रहे हैं जिसका असर दुनिया के सभी देशों में पड़ सकता है। इसलिए शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही दुनिया के देशों में आशंकाएं भी बढ़ गई हैं। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद क्या करेंगे यह अलग बात है, लेकिन जिस तरह के भाषण राष्ट्रपति बनने के पहले वो दे रहे थे, वही नीतियां यदि लागू की गईं तो बड़े पैमाने पर पूरी दुनिया में अफरा-तफरी मच सकती है। अमेरिका में घुसपैठ करके अवैध प्रवासी रह रहे हैं, उनमें सबसे ज्यादा चिंता है। कच्चे तेल के दाम, मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने और रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम एवं विस्तारवाद को लेकर उन्होंने जो बयान दिए थे उसको लेकर दुनिया भर के देशों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। दरअसल ट्रंप ने कनाडा, ग्रीनलैंड और पनामा नहर के बाद मैक्सिको की खाड़ी पर भी एक बड़ा बयान दिया था,

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ, क्या बदलेगा विश्व में

अशोक भाटिया

अगर किसी के महज सत्ता में आ जाने से पूरी दुनिया में इतना भ्रम, संदेह, भ्रम और संदेह पैदा हो गया है तो उस व्यक्ति के लिए यह गर्व की बात है या शर्म की, इस पर चर्चा करना बेमानी है। आज यानी 20 जनवरी को जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले रहे हैं तो आगे क्या सवाल का काला साया पूरी दुनिया में फैला हुआ नजर आ रहा है। ट्रंप का व्यक्तित्व ऐसा है कि उन्हें इस पर गर्व होगा। यदि नेता लोगों के मन में आश्वासन का भाव पैदा करने के बजाय भय और आतंक को जन्म देता है और उस पर गर्व करता है तो यह उस समाज के पतन का संकेत है। अमेरिकी समाज अब इस गिरावट का अनुभव करेगा। यह भी माना जाता है कि लोकतंत्र में जनता के फैसले को स्वीकार करना चाहिए और इस राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को सभी को मीठा मानना चाहिए। हालांकि, जब एक नेता जो पिछला चुनाव हारने के बाद वोट को खारिज कर देता है, जिसका हिंसक विरोध किया गया है और इसके लिए अदालत में दोषी ठहराया गया है, तो उसकी लोकतांत्रिक वफादारी संदिग्ध है।इससे इनकार नहीं किया जा सकता। ट्रम्प के साथ ऐसा ही हुआ। अब, अगले चार वर्षों के लिए, सभी धर्मों को उनका होना होगा। पिछले दो महीनों से, ट्रम्प इसे सहन करना शुरू करने से पहले ही आगे क्या होने वाला है, इसकी झलक दिखा रहे हैं। ट्रम्प ने अपनी नीति की दिशा स्पष्ट कर दी है, अमेरिकी बाजार में आने वाले विदेशी सामानों पर व्यापक टैरिफ लगाने से लेकर उन लोगों पर व्यापक प्रतिबंध लगाने तक जो उस देश में प्रवास करना चाहते हैं। वहीं, ट्रंप के नेतृत्व कौशल को तीन मुद्दों पर परखा जाएगा।इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन, जो अमेरिकी महाशक्ति को चुनौती दे रहा है, तीन मुद्दे हैं जो ट्रम्प के नेतृत्व कौशल का परीक्षण करेंगे, जिनमें से पहला ट्रम्प पहले ही खुद का दावा कर चुका है। उन्होंने कहा, ÷यह केवल इस तथ्य के साथ था कि मैं चुना गया था कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष समाप्त होना शुरू हो गया था,÷ उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने में परीक्षण किया जाएगा कि संघर्ष की लपटें बुझती रहें। यूक्रेन युद्ध पर ट्रम्प की सलाह अभी तक ज्ञात नहीं है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन किसकी बात सुनेंगे। यह असली सवाल है। पुतिन ने अतीत में ट्रम्प को पानी पिलाया है और ट्रम्प की पूर्व-राष्ट्रपति रूस यात्रा के दौरान पुतिन ने उन्हें क्या आपूर्ति की थी। दूसरे, 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में पुतिन का हस्तक्षेप भी सर्वविदित है। तो सवाल यह है कि वह ट्रम्प के लिए कितनी भीख मांगेंगे। यही बात चीन के शी जिनपिंग पर भी लागू होती है। चीन और शी अजीब रसायन हैं। वे न केवल चीन को महाशक्ति बनने में रुचि रखते हैं। घड़ी को तोड़ने के लिए। इसके लिए चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था का आकार इस हद तक बढ़ा लिया है कि आज दुनिया के कई देशों के बाजारों में चीनी उत्पाद बह रहे हैं। नतीजतन, अन्य देशों-विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार घाटे नाटकीय रूप से बढ़ गए हैं। इसकी भरपाई के लिए ट्रंप चीनी उत्पादों का आयात और महंगा करना चाहते हैं। इसका मतलब है कि अमेरिकी बाजार में चीनी उत्पादों पर भारी आयात शुल्क लगाना। यह स्पष्ट है कि इस तरह के टैरिफ एकतरफा नहीं होंगे। चीन जवाब में इसी तरह के उपाय करेगा। आज, चीन संयुक्त राज्य अमेरिका का सबसे बड़ा ऋणदाता है। यही है, चीनी सरकार ने एक बड़ा डॉलर खरीदा है या अमेरिकी बॉन्ड में काफी निवेश किया है। चीन इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं करेगा। अगर ऐसा होता है, तो दुनिया को एक नए व्यापार युद्ध का सामना करना पड़ेगा।इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है, यह हमारी आंखों के माध्यम से ट्रंपोदया को देखना है। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत पन्नू की हत्या पर हमारे बदले हुए रुख का श्रेय इस ट्रंपूदया को जाता है। हमारी अब तक की मजबूत स्थिति है कि पन्नू की हत्या में एक भी भारतीय शामिल नहीं है। पन्नू का यह मामला कनाडा के हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सामने आया। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर हत्या के लिए भारत को सार्वजनिक बयान दिया। विभाग ने निज्जर की हत्या के बारे में बात की और संकेत दिया कि भारतीय द्वारा उसे मारने का प्रयास किया गया था। इसके लिए अमेरिका ने कोना निखिल गुप्ता का नाम आगे रखा। गुप्ता को जून 2023 में प्राग में गिरफ्तार किया गया था और जून 2024 में संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंप दिया गया था। हम अमरीकी प्रणाली द्वारा इतने सारे ब्यौरे प्रकट करने से बहुत परेशान थे। अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, जर्मनी आदि एक दूसरे के साथ जासूसी का आदान-प्रदान करते हैं। एक समझौता है कि निज्जर हत्या के सबूत इकट्ठा करने में अमेरिकी एजेंसियां भी शामिल थीं। इसलिए इस मुद्दे पर कनाडा को अमेरिका से दूर करने का हमारा प्रयास विफल रहा। तब यह पता चला कि अमेरिकी एजेंसियों ने सीधे भारत सरकार को फोन किया और बहुत परेशानी पैदा की। अमेरिका द्वारा इस मुद्दे पर एक कदम पीछे हटने से इनकार करने के बाद हमें उच्च स्तरीय जांच की घोषणा भी करनी पड़ी।इस उच्च-स्तरीय जांच की रिपोर्ट हाल ही में सौंपी गई थी, जिसमें आपको स्वीकार करना था कि पन्नू हत्याकांड में एक भारतीय शामिल हो सकता है। यह कोई संयोग नहीं है कि आपको यह स्वीकारोक्ति तब करनी पड़ रही है जब ट्रम्प की ताजपोशी में कुछ दिन बाकी हैं। इस उच्च-स्तरीय समिति ने पाया कि पन्नू हत्याकांड में यह भारतीय आपराधिक पृष्ठभूमि से था। हालांकि, समिति ने यह खुलासा नहीं किया है कि यह भारतीय कौन है। हालांकि, उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसकी सिफारिश उच्च-स्तरीय समिति द्वारा भी की गई है, जिसका अर्थ है कि आपने साजिश में किसी भी तरह की भागीदारी स्वीकार नहीं की और आपने कहा था कि आपने अपनी स्थिति पूरी तरह से बदल दी है और अब हम साजिश में शामिल होने की बात स्वीकार करने से लेकर कार्रवाई की सिफारिश करने तक चले गए हैं। निवर्तमान अमेरिकी राजदूत एरिक ग्रिसेट्टी ने इस बदलाव पर भारत सरकार को बधाई दी और आगे बढ़कर उसकी कूटनीति के घावों पर नमक छिड़कते हुए कहा कि हम क्या करना चाहते हैं। यह करता है। निर्विवाद ट्रम्प को श्रेय÷। यह सज्जन कुछ भी कह सकते हैं और साथ ही कुछ भी कर सकते हैं। इसलिए पता नहीं, अगर उन्होंने कल इस पर कोई सीधी टिप्पणी की, तो हमें बहुत परेशानी होगी। इससे बचने के लिए, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हमने हत्या में भारतीय की संलिप्तता स्वीकार की।ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने से पहले कहा था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य होगा। बयान के पीछे जो भी कारण हो, कनाडा में हलचल मच गई। जस्टिन ट्रूडो, जिन्हें ट्रम्प द्वारा निशाना बनाया गया था, को पद छोड़ना पड़ा। संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में कनाडा का क्षेत्रफल 150,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक है। दोनों नाटो के संस्थापक सदस्य हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका कनाडा की घास कैसे ले सकता है जब एक से दूसरे की रक्षा करने की उम्मीद की जाती है? लेकिन अगर ट्रम्प भारी टैरिफ लगाने का सहारा लेते हैं, तो कनाडा सत्ता में आने से पहले ही घुटने टेक देगा और आत्मसमर्पण कर देगा।

ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर डेनमार्क ने ग्रीनलैंड पर नियंत्रण नहीं छोड़ा तो अमेरिका भारी शुल्क लगाएगा। हालांकि ग्रीनलैंड का 85 प्रतिशत हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है, लेकिन यह खनिज संसाधनों से समृद्ध है। ग्रीनलैंड के प्रधान मंत्री एग्रेड ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ जाने से साफ इनकार कर दिया है, लेकिन उन्होंने कहा है कि हम सहयोग के लिए तैयार हैं। ग्रीनलैंड की आबादी मुश्किल से 57,000 है। इतने सारे लोगों को हमारे पक्ष में मोड़ना बहुत मुश्किल नहीं है। डेनमार्क निश्चित रूप से जानता है कि ट्रम्प को लेना आसान नहीं है। ट्रम्प ने कार्यालय में अपने पहले कार्यकाल के दौरान मैक्सिकन सीमा के साथ एक दीवार बनाने की धमकी दी है, और पोप द्वारा इसकी आलोचना करने के बाद, ट्रम्प ने उन्हें चेतावनी दी कि आपका इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है और उन्हें चीन के गतिरोध को रोकने के लिए पहले मेक्सिको पर नियंत्रण करना होगा। क्योंकि चीन मेक्सिको में अपनी फैक्ट्री में उत्पादन करता है और अमेरिका में बेचता है। इसका मतलब है कि मेक्सिको का सिरदर्द बढ़ जाएगा! ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि इजरायल और हमास को सत्ता में आने से पहले युद्ध समाप्त करना होगा। ट्रम्प की दरार ऐसी है कि ट्रम्प इजरायल के कट्टर समर्थक हैं। अपने पहले कार्यकाल में, उन्होंने यरूशलेम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता दी और अमेरिकी दूतावास को यरूशलेम में स्थानांतरित कर दिया। बिडेन ने रूस और यूक्रेन के संबंध में यूक्रेन की मदद की। ट्रम्प इतना नहीं करेंगे। माना जा रहा है कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन और ट्रंप के बीच अच्छा तालमेल है। कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत चीन के खिलाफ अमेरिका का सबसे बड़ा सहयोगी हो सकता है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच काफी नजदीकियां हैं, लेकिन ट्रंप ऐसे कदम उठा सकते हैं जो अमेरिका को प्राथमिकता देने की अपनी नीति के कारण भारत को नुकसान पहुंचाएंगे। अपने पहले कार्यकाल में, ट्रम्प ने हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिलों पर भारत के उच्च टैरिफ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कई भारतीय सामानों पर उच्च कर लगाया था। ट्रम्प अब भारत पर रक्षा सौदों में अमेरिका को प्राथमिकता देने के लिए दबाव डाल सकते हैं। ॥-1क्क वीजा के मुद्दे पर ट्रम्प की सख्त नीति का निश्चित रूप से भारत पर सबसे बड़ा प्रभाव पड़ेगा। क्या ट्रम्प इस सब पर भारत को कोई रियायत देते हैं, इस पर वर्तमान में बहस चल रही है, लेकिन यह सच है कि चीन के संदर्भ में भारत की उम्मीदें दुश्मन दुश्मन हमारा दोस्त है के आधार पर मजबूत हैं। दक्षिण - पूर्व एशिया में भू-राजनीतिक नजरिये से भारत की अहम भौगोलिक स्थिति के बारे में अमेरिका जानता है। उसे पता है कि भारत अपने दम पर आर्थिक ताकत बना है। चीन के बढ़ते दबाव को देखते हुए ट्रंप के पास एक ही चारा है, भारत के साथ व्यापार बढ़ाना और अमेरिकी कंपनियों का निवेश कराना।साथ में विकासप्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व बंधुत्व की अवधारणा को जी -20 और ग्लोबल साउथ - 77 देशों के आयोजन में बड़ी सफलता मिली है। यह दिखाता है कि भारत और अमेरिका मिलकर संयुक्त राष्ट्र (हृह) और अन्य वैश्विक मंचों पर कैसे लाभ उठा सकते हैं।लेकिन यह कहना मुश्किल है कि ट्रम्प कब ट्रम्प हैं। 78 साल की उम्र में, उन्होंने चुनाव में 200 से अधिक अभियान रैलियां आयोजित करके दिखाया है कि वह युवा हैं। उन्होंने अपने सहयोगियों को भी चुना है। एलन मस्क, जिनका चेहरा कंपनी स्पेस एक्स के स्टारशिप के पतन के बाद भी नहीं हिला है, ट्रम्प के साथ हैं।

पाकुड़ की खबरें

वाहन की टक्कर बिजली पोल क्षतिग्रस्त

हिरणपुर (पाकुड़)बीते रविवार देर रात हिरणपुर बाजार स्थित मुख्य पथ में ओभरलोड बीड़ी पत्ता वाहन की टक्कर से सड़क किनारे रहे कई विद्युत पोल टूटकर बिखर गया। जिससे शर्ट सर्किट होने से कई घरों के विद्युत उपकरण जलकर नष्ट हो गया। वही रात भर बाजार में अंधेरा छाया रहा। स्थानीय लोगो से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब एक बजे कई ओभरलोड बीड़ी पत्ता वाहन लिट्टीपाड़ा होते हुए हिरणपुर के रास्ते पाकुड़ की ओर जा रहा था कि बाजार के शील दुर्गा मंदिर निकट मुख्य सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल इसके चपेट में आने से टूटकर गिर गया। वही बिजली तार भी जमीन पर बिखर गया। जिससे रात के वक्त स्थानीय लोगो मे कोहराम मच गया। शर्ट सर्किट से सड़क किनारे स्थित घरों के टीवी सहित अन्य विद्युत उपकरण जलकर राख हो गया। रात में यह घटना होने के कारण कोई जानमाल की नुकसान नही हुई। इसके पूर्व शनिवार की रात भी बीड़ी पत्ता लदे ओभरलोड वाहन की चपेट में आने से शर्ट सर्किट के कारण दीनानाथ भगत के घर मे आग भी लग गया था। वही रंजीत भगत सहित अन्य लोगो के घरों के टीवी सहित अन्य विद्युत सामान जल गया था। इस प्रकार की घटना बीते एक सप्ताह से निरन्तर हो रहा है।लेकिन फिर भी ओवरलोड ट्रक का परिचालन बंद होने का नाम नही। इसको लेकर जानकारी होने के बावजूद प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति दिन पांच - छह की संख्या में ओभरलोड बीड़ी पत्ता वाहन लिट्टीपाड़ा स्थित होटल में आकर ठहरती है। मध्य रात्रि को सड़क सुनसान होने पर वाहनों को इस सड़क से परिचालन किया जाता है। आखिर जिला परिवहन विभाग द्वारा इस प्रति अभी तक कार्रवाई क्यो नही की गई। सोचनीय विषय बना हुआ है।

18 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए भेजा गया वाराणसी

हिरणपुर पाकुड़) राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रखंड के 18 स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के वाराणसी रवाना किया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी किशन भगत, शिक्षक कुमुद रंजन आदि ने टूरिस्ट बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जानकरी देते हुए बीपीओ ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार मिशन के तहत जिले के 100 मेधावी छात्रों को भ्रमण के वाराणसी भेजा जा रहा है। जिसमें हिरणपुर प्रखंड के 4 विद्यालयों में से कुल 18 मेधावी बच्चों का चयन किया गया है। विद्यार्थियों को को भारत के सबसे प्राचीन शहर का भ्रमण कराया जाएगा। जिससे वे भारत के इतिहास को और करीब से जान पाएंगे।

कोयला लदे पांच बाइक जब्त

हिरणपुर (पाकुड़) सोमवार सुबह स्थानीय पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध कोयला लदे पांच मोटरसाइकिल को जब्त किया है। पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल चालक मौके से भाग निकलें। जिसके बाद पुलिस ने सभी बाइक को जब्त कर ट्रैक्टर में लोडकर थाने ले आई। थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी हाल में कोयले की तस्करी नहीं होने दी जाएगी इसको लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक ,प्रखंड संयोजक मंडली का हुआ गठन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़) झामुमो प्रखंड कार्यालय महेशपुर में सोमवार को संयोजक प्रमुख एजाजुल इस्लाम के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक संपन्न हुआ । बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं 2 फरवरी झामुमो स्थापना दिवस मनाए जाने पर चर्चा किया गया । इस मौके पर महेशपुर विधानसभा विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी एवं जिला अध्यक्ष श्याम यादव,समद अली,निशा सबनम हंसदा ,सुनील टुडू ,सुलेमान वास्की ,हबीबुर रहमान,मुकेश सिंह ,जोसिफिना हेंब्रम ,कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम मुख्य रूप से शामिल रहे । इस मौके पर संयोजक मंडली प्रमुख एजाजुल इस्लाम ने बताया कि केंद्रीय समिति के आदेशानुसार प्रखंड में भी संयोजक मंडली का गठन किया गया ।संयोजक मंडली में अनारुद्दीन मियां ,पिंकू शेख ,रूहुल अमीन ,माइकल मुर्मू , मुताहर शेख ,जेम्स सुशील ,निर्मल मुर्मू ,जोशिम शेख,बाबूधन मुर्मू , लालमोहममद अंसारी, अल्तमस ,सहलाम शेख सहित साहेब अली को सदस्य बनाया गया । इस मौके और संयोजक सदस्य को जिम्मेदारी देते हुए कहा की इन सभी संयोजक मंडली को सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में झामुमो पार्टी में शामिल किया जाना है । जिसे समय पर जिला को समर्पित करना अनिवार्य है । वही विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को कहा की झामुमो स्थापना दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में 2 फरवरी को दुमका पहुंचना है साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाना है । इस मौके पर झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

स्वास्थ्य मेला आयोजित, लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)अमड़ापाड़ा प्रखंड के फतेहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रांगण में सोमवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जड़ाकी पंचायत के मुखिया साहेबजन टुडु ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान मुखिया ने कहा कि सरकार आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने लोगों से इन सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खालिद अहमद ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने लोगों को झोलाछाप डॉक्टरों और झाड़फूंक से बचने की सलाह दी और कहा कि समय पर बीमारी का सही इलाज न होने से गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। साथ ही स्वास्थ्य मेला के दौरान सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाओं और एएनएम को ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में लोगों को विभिन्न बीमारियों और उनके बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य मेला में कुल 729 लोगों

विधायिका दर्जनों गांव के लोगो से हुई रूबरू

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । सोमवार को पाकुड़ विधानसभा विधायिका निसात आलम ने सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत संग्रामपुर के हरूपाड़ा, नसरुपाड़ा, कुमारपुर, रानीपुर टोला, कुलपाहाड़ी, जोगीगडिया, नरोत्तमपुर आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू होकर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। निसात आलम ने कहां की पाकुड़ विधानसभा से जीत दिलाने में आपकी बहुत बड़ी भागीदारी है । जिसके लिए हम आपको तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। हम आपके सुख-दुख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगी। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम साहब जब भी रांची से अपने आवास आते थे तो क्षेत्र का भ्रमण करते थे और लोगों की समस्या से रूबरू होते थे । मैं जब भी आवास आती हूं तो किसी न किसी क्षेत्र में आप लोगों का स्नहे - प्यार, सुख - दुख बांटने चली आती हूं। मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसरुल हक, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, देबू विश्वास, रामविलास महतो, मिरर्जाहान विश्वास, जलालुद्दीन शेख, सोफिक सेख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हेमंत सरकार खेल व खिलाड़ियों के विकास को लेकर दृढ़ संकल्पित- विकास साहा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)आदिवासी युवा क्लब द्वारा प्रखण्ड के पाडेरकोला स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को एफसी गोपीकांदर एवं मालदा के बीच खेला गया। जिसमें पेनेल्टी शूटआउट में एफसी गोपीकांदर ने मालदा को हरा दिया। मैच का उद्घाटन झामुमो नेता विकास साहा, मुखिया एंथोनी सोरेन, ग्राम प्रधान जिसु हांसदा ने किक मारकर एवं खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास साहा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए सरकार के द्वारा खेल मैदान को दुरुस्त किया जा रहा है। साथ ही मैदान में चेंजिंग रूम का निर्माण कराया गया है। इसके अलावे समय समय पर जर्सी, बॉल का वितरण कराया जाता है। पंचायत स्तर, प्रखण्ड स्तर, जिला स्तर पर हर वर्ष खेल आयोजन के साथ-साथ सरकार द्वारा खिलाड़ियों अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। ताकि झारखंड के खिलाड़ी अच्छे मुकाम तक पहुंच सके। आज झारखंड के खिलाड़ी अपने काबिलियत के बदौलत देश व विदेश में पदक हासिल कर रहे है। नमौके पर आदिवासी युवा क्लब के अध्यक्ष सुनील हांसदा, सचिव मनवेल हांसदा, कोषाध्यक्ष राम हांसदा, बाजो हेंब्रम,किरानी सोरेन, तेरेसा मरांडी ,एवं कमिटी के सभी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

मोटरसाइकिल की चोरी

पाकुड़ । सोमवार को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाईन के पीछे बेलियाडंगा से संध्या 7ः35 बजे अंसार अंसारी के घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो गया। जिसका नम्बर-छ्ष्ठ16ष्ठ/7076, है। गाड़ी काला रंग का हुंडा मोटरसाइकिल है। इसकी सूचना गाड़ी मालिक अंसार अंसारी में तुरंत नगर थाने को दी थी। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मामले की जांच कर रहे हैं।

डीडीसी ने की 15 वें वित आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण फेज 2 की समीक्षात्मक बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। सोमवार को डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया की अध्यक्षता में मनरेगा, 15 वें वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण फेज 2 के तहत ओडीएफ संतृप्त तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, गोबर गैस संयंत्र इत्यादि के बारे में गहन समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ओडीएफ के तहत सभी अबुआ आवास लाभुकों का शौचालय के निर्माण हेतु सर्वे करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक सुमन मिश्रा द्वारा बताया गया कि चापानल में 84 प्रतिशत सॉकपीट तथा नाला के अंत में 23 प्रतिशत सोख्ता का निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी चापानल, जलमीनार एवं नाली के तरल प्रबंधन हेतु सोख्ता निर्माण शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही छूटे हुए 172 गांव में मनरेगा एवं 15 वें वित्त के अभिसरण से सोख्ता निर्माण करवाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी बीडीओ, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता को संयुक्त रूप से बड़ी नालियों में बनने वाले सोख्ता का प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर मांग की गई। वहीं एसबीएम द्वारा बनाए गए कचरा प्रबंधन स्थल पर जेएसएलपीएस को सात दिनों के अंदर कचरा प्रबंधन हेतु कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र एवं सभी विद्यालयों में भस्मक निर्माण कराने का निर्देश दिया।मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान एवं सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, डीपीएम ई-पंचायत आनंद प्रकाश, जिला समन्वयक (एसबीएम- ग्रामीण) सुमन मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

आजाद स्पोर्टिंग कमलघाटी ने भगैया क्रिकेट क्लब को 49 रनों से हराया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर(पाकुड़) फुटबाल मैदान में आयोजित एच पी एल ट्रॉफी का आख़री लीग मैच सोमवार को कमलघाटी और भगैया के बीच खेला गया। जिसमें कमलघाटी ने भगैया को 49 रनों से हरा दिया। मैच में देरी होने के कारण 18 ओवर का मैच हुआ। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए। कमलघाटी की टीम ने निर्धारित 18 ओवर में 191 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। कमलघाटी की ओर से गौरा कुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 85 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भगैया की टीम 17.2 ओवर में 142 रन पर हि सिमट गयी। मैच में 85 रन बनाकर गौरा कुमार मैन ऑफ द मैच बने। जिन्हें कमिटी के

सभ्यता के शुरुआत में सभी आदिवासी और जनजाति थे : अर्जुन मुंडा

पुस्तक मेला में नृत्य प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने लिया भाग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । पुस्तक मेला के दसवें दिन का कार्यक्रम एकल नृत्य प्रतियोगिता के साथ शुरू हुआ।जिसमे कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।इसके निर्णायक प्रदीप देव और शिवेंदु दत्त मिश्रा थे।जूनियर वर्ग में संत मेरी की अनुष्का सिंह को प्रथम।सृष्टि सिन्हा डीएवी की को दूसरा जबकि आर मित्रा की अपर्णा कुमारी को तीसरा पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग में मोहनपुर की आस्था को पहला श्रुति को दूसरा जबकि खुशी बनर्जी को तीसरा पुरस्कार मिला। उसके बाद सार्वजनिक सभी उम्र के लोगों के लिए ओपन क्विज कंपीटीशन का प्रोग्राम भी था जिसमें करीब 100 लोगों ने भाग लिए। मंच संचालन रौशन मिश्रा,और प्रभाकर ने किए।संध्या सत्र भगवान बिरसा मुंडा पे परिचर्चा का था.जिस्ममें पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उनके साथ देवघर कॉलेज के प्राचार्य अखिलेश तिवारी,संत राम हरनौत,बाला लखेंद्र अनीला मुर्मु,अणिमा तिग्गा मौजूद थी। चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने कहा कि सभ्यता के शुरुआत में सभी आदिवासी और जनजाति ही थी। भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को याद करते हुए उसके मकसद को बताया। क्यों भगवान को दर्जा मिला। कैसी परिस्थित से लड़े उसका चर्चा किया।भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को याद करते हुए उसके मकसद को बताया।क्यों बिरसा मुंडा को भगवान को दर्जा मिला। कैसी परिस्थित से लड़े उसका चर्चा किया। नदी में उफान आने से लहर बदल सकती है नदी नहीं बदल सकती। भारत की दशा और दिशा को बदलने वाले भीड़ की जरूरत है। चांद भैरव,सिद्धों कान्हु मुर्मु,और भी सभी क्रांतिकारियों का मूल उद्देश्य जल जमीन जंगल बचाना हीं था। ब्रिटिश के खिलाफ लड़ाई इस लिए पूरी हुई क्यों की आपसी लड़ाई धार्मिक पद्धति से नहीं लड़ी गई।इस कार्यक्रम में मेला सचिव निर्मल कुमार,मेला सह संयोजक उदय प्रकाश,मेला स्वागत अध्यक्ष इंजीनियर एस पी सिंह,सह प्रभारी दीपक कुमार,पवन टमकोरिया,मेला प्रशासक सर्वेश्वर प्रसाद सिंह ,अंजनी किशोर,राम किशोर,आर सी सिन्हा,राकेश राय,रामसेवक सिंह गुंजन,जीवन प्रकाश,प्रेम कुमार,बीरेंद्र सिंह,मौजूद थे।

देवघर पुस्तक मेला : बहुभाषिक कवि सम्मेलन में आज सजेगी साहित्यिक शाम

देवघर। साहित्य और कविता प्रेमियों के लिए देवघर पुस्तक मेला परिसर, बीएड कॉलेज में 21 जनवरी,संध्या 07ः00 बजे से एक भव्य बहुभाषिक स्थानीय कवि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस साहित्यिक आयोजन में करीब 70 कवि और कवित्रियां भाग लेंगे, जो अपनी-अपनी भाषाओं और शैली में कविताओं का पाठ करेंगे। इस अवसर पर साहित्य जगत के कई जाने-माने नाम अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रमुख प्रतिभागियों में विनोद मिश्र,ववन बदिया,अशोक सिंह,धीरेंद्र छतरवाला,उत्तम पीयूष,डॉ.नागेश्वर शर्मा,प्रियदर्शी हलधर,फाल्गुनी मरीक कुशवाहा,जालेश्वर ठाकुर,शौकीन बुधन बौद्ध,प्रकाश चंद्र झा,डॉ. सुमन लता,डॉ. इति झा,उर्वशी वत्स,जुली झा,अनिता चौधरी,सुनीता मजूमदार,डॉ. सविता,डॉ. शिप्रा झा,सुधा श्री शामिल हैं। यह सम्मेलन बहुभाषिक साहित्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अद्भुत उदाहरण होगा, जहां कविता की विभिन्न विधाएं और भावनाएं एक साथ मंच पर सजेंगी। आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम न केवल देवघर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के साहित्यिक जगत को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। साहित्य प्रेमियों से इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

देवघर पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, मोबाइल और सिम जब्त

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उप महानिरीक्षक सह एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देशन में यह कार्रवाई देवीपुर थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि देवीपुर थाना क्षेत्र के पसरपुर गांव के पूरब करीब 500 मीटर दूर काजू बगान के पास कुछ साइबर अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इन अपराधियों द्वारा फर्जी मोबाइल नंबरों का उपयोग करके लोगों को कॉल कर झांसे में लिया जाता था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी टीम ने काजू बगान के पास से दो साइबर अपराधियों को पकड़ा। इनके पास से दो मोबाइल और तीन सिम कार्ड बरामद किए गए।प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी बैंक कस्टमर को व्हाट्सएप के माध्यम से मैलिशियस लिंक भेजकर उनके खातों में ऑनलाइन लॉगिन करते और पैसे निकाल लेते थे। फोनपे और पेटीएम के फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर कैशबैक का झांसा देते। इसके जरिए वे गिफ्ट कार्ड बनवाते और उसे रिडीम कर ठगी करते। गिरफ्तार अपराधी में देवघर जिले के पथरड्डा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरवातरी गांव निवासी काजल कुमार दास 20 वर्ष,पिता, लक्ष्मण दास,पथरड्डा ओपी अंतर्गत गोबरशाला गांव निवासी बिनोद महरा 34 वर्ष,पिताः स्व. बिदेशी महरा को गिरफ्तार किया है।

कार्यालय
(जिला खेल शाखा, दुमका)
ई–मेल–dsodumka11@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के निदेश के आलोक में दुमका जिला में नवस्वीकृत डे–बोर्डिंग बैडमिंटन क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक पद पर अस्थाई रूप से नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन को निर्धारित अहर्त्ता के आधार पर तुलणात्मक विवरणी तैयार कर अंक निर्धारण किया गया है।

जो निम्नप्रकार हैः–

1. Virendra Tudu – 25 Marks
2. Atul Chandan - 65 Marks
3. Sanjeev Kumar Gupta - 55 Marks
4. Alfred Hansdak – 30 Marks
5. Sanjeev kumar Panjiyara – 30 Marks
6. Anokhi Marandi – 35 Marks

उक्त सूची में किसी भी आवेदक को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो वे सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक–25.01.2025 तक कार्यालय अवधि में (अवकाश दिनों को छोड़कर) लिखित रूप से अपना दावा आपत्ति (वांछित कागजात सहित) जिला खेल कार्यालय, दुमका में अपना आवेदन जमा कर सकते है।

जिला खेल पदाधिकारी,
दुमका।

PR 344722 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

सर्वाइकल कैंसर से सम्बंधित प्रशिक्षण प्रारंभ

देवघर संताल एक्सप्रेस । सोमवार को भी0आई0ए0 (एसिटिक एसिड के साथ दृश्य निरीक्षण) के माध्यम सर्वाइकल कैंसर के जाँच से सम्बंधित द्वितीय बैच के प्रशिक्षण का शुभारम्भ के साथ दुसरे बैच को भी प्रशिक्षित किया गया। सर्वाइकल केंसर से सम्बंधित जानकारी डॉ सुरभी द्वारा दिया गया जिसमे सर्वाइकल कैंसर से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया गया की सर्वाइकल कैंसर का योनि से असामान्य रक्तस्राव,जैसे योनि सेक्स के बाद रक्तस्राव, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, मासिक धर्म के बीच रक्तस्राव और धब्बे, या (मासिक धर्म) अवधि जो सामान्य से अधिक लंबी या भारी होती है तथा गर्भाशय ग्रीवा वाले किसी भी व्यक्ति को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का खतरा होता है। उक्त प्रशिक्षण में रवि कुमार सिन्हा, एफ0एल0सी0,सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी,अर्चना कुमारी, स्वाती कुमारी, कृति कुमारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता

देवघर संताल एक्सप्रेस । पानी बचाओ जीवन पाओ जल संरक्षण सहयोग समिति लिमिटेड देवघर द्वारा अंतर विद्यालय जलसंरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए लिए आज आर.एल. सर्राफ उच्च,मातृ मंदिरबालिका विद्यालय के बाद आज सोमवार को गोवर्धन साहित्य उच्च देवघर के छात्र-छात्राओं का जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र -छात्राओं एवं शिक्षकों -शिक्षिका ने भाग लिया। विद्यालय के 18छात्र छात्राओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता में कक्षा नवम की वंदना कुमारी प्रथम पुरस्कार, प्रीति कुमारी कक्षा नौवीं की द्वितीय स्थान एवं नब्या कुमारी कक्षा-नौ की ही तृतीय स्थान प्राप्त किया। हर विद्यालय से चयनित छात्रों का फाइनल सर्राफ उच्च में में आयोजित होगा। अगला कार्यक्रम को बिहारी लाल सर्राफ+2विद्यालय में जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगा। यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री जन औषधि के भूरभूरा मोड़ के सौजन्य से हो रहा है।

जिला ओलंपिक संघ सभी खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : डॉ सुनील खवाड़े

देवघर संताल एक्सप्रेस । सोमवार को देवघर जिला वॉलीबॉल संघ के तरफ से राष्ट्रीय खिलाड़ी का किया गया सम्मान। आज देवघर जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष ध्रुव सिंह के द्वारा कृति कुमारी , जो कि सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल जयपुर में हुआ था।उसमें खेली और चंडीगढ़ मणिपुर और पांडिचेरी के साथ खेलने का मौका भी मिला और मणिपुर और पांडिचेरी से जीत भी दर्ज किया।वहीं श्वेता कुमारी और भूमि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में झारखंड का प्रतिनिधित्व भी किया को ट्रैक शूट देकर सम्मानित भी किया। वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष ध्रुव सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ हीं सभी खिलाड़ियों से खेल में हो रहे समस्या को भी जाना।साथ हीं सभी कठिनाइयों को जल्द से जल्द दूर करने करने के लिए आश्वासन भी दिया।। इस कार्यक्रम में सचिव नवीन शर्मा,रितेश केसरी,उप सचिव प्रीतम भारद्वाज,जिम्मी,दिव्या कुमारी,ज्योति कुमारी,दिव्यांका कुमारी,रीमा कुमारी मौजूद थे।

दो वर्षों में 15,000 गांवों को सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा : नीति आयोग

मधुपुर । बाल अधिकारों और बच्चों की सुरक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए नीति आयोग, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) और आश्रय ने देवघर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का वादा किया है।इस अभियान का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण सुनिश्चित करना है। नई दिल्ली में दस्तखत किए गए साझेदारी मंतव्य पत्र (एसओआई) के तहत अगले दो वर्षों में 15,000 गांवों को सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। यह पहल 2018 में शुरू हुए आकांक्षी जिला कार्यक्रम से तालमेल में है और देश के सबसे अविकसित जिलों में बदलाव लाने का प्रयास करती है। इस साझेदारी से उत्साहित,आश्रय की निदेशक दीपा कुमारी ने कहा, ÷हम भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत देवघर को बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। एवीए और नीति आयोग की इस पहल से हमारी कोशिशों को नई ऊर्जा और दिशा मिली है।

डीडीसी ने किया योजनाओं का निरीक्षण

मधुपुर । उप विकास आयुक्त (डीडीसी) नवीन कुमार सिंहा ने सोमवार को मधुपुर प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया और विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दलहा पंचायत का दौरा करते हुए आम बागवानी, डोभा निर्माण और आंगनवाड़ी निर्माण सहित अन्य योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। डीडीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अजय कुमार दास को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे कार्यों को शीघ्र पूरा करें। दौरे के दौरान उन्होंने देखा कि कई योजनाओं में कहीं भी शिलापट्ट नहीं लगाए गए थे। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीडीसी ने इसे तत्काल लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में डीडीसी के साथ जिला परिषद अध्यक्षा किरण कुमारी, उपाध्यक्षा जमीला खातून, सदस्य फारुख अंसारी, प्रखंड उप प्रमुख उमेश यादव समेत प्रखंड के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों को दिया गया गुलाब का फूल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । मन की उड़ान युवा क्लब संबंध नेहरू युवा केंद्र देवघर (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा चलाए जा रहे 17 से 22 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आज सत्संग चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमें वैसे चलाक जो बिना हेलमेट के या बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चला रहे थे वैसे लोगों को गुलाब के फूल देकर लोगों से आग्रह किया है कि हेलमेट अवश्य पहनें घर में आपके परिवार आपका प्रतीक्षा कर रहे हैं।क्योंकि कभी भी अनहोनी हो सकता है। वही मन की उड़ान युवा क्लब के सचिव सह राष्ट्रपति अवॉर्डी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। उन्होंने ने कहा कि युवाओं द्वारा जनता से की गई एक विनम्र अपील है कि वे ट्रैफ़िक नियमों का पूरी तरह से पालन करें, सुरक्षित वाहन चलाएं और सड़कों पर सभी की सुरक्षा के लिए योगदान करें। इस सड़क सुरक्षा अभियान के माध्यम से सामूहिक जागरूकता बढ़ाकर हम सभी मिलकर सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। इस अभियान में गुलाब के फूल देकर हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट का उपयोग करने का संदेश दिया जा रहा है।

सड़क पर जो भी करतब दिखाएगा मौत को जल्दी गले लगाएगा सड़क सुरक्षा नियमों में लापरवाही।हो दुर्घटना, बढ़े तबाही। इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। मौके पर क्लब के स्वयंसेवक युवराज सिंह, दीपक, कुंदन,सत्यम राज मनीष शर्मा रुद्र प्रताप,बबलु राणा, विजय गुलशन, अभिषेक, शिवरंजनी, सुनीता, दीपा भारती, सिमरन, प्रीति ,रितिका, प्रिया, स्वाति, मुस्कान, स्वीटी, सिमरन, श्रुति आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

मोहनपुर (संवाददाता)। रिखिया थाना क्षेत्र के कलजुघा गांव स्थित पलाश के पेड़ से झूलता हुआ एक अधेड़ व्यक्ति का शव मंगलवार को पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान गांव के ही निवासी 55 वर्षीय कौड़ी यादव के रूप में की है। स्वजनों ने बताया कि रविवार को बिना कुछ बताएं घर से निकले थे। परंतु देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर स्वजन ने खोजबीन शुरू की,वहीं मंगलवार सुबह टहलने निकले तो लोगों ने पलाश के पेड़ में शव को लटकता देख जिसकी घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

नाबालिग को भगाने के मामले में चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

संतात एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले के सरावां थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी को शादी के नीयत से भगाने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला कांड संख्या 04/2025 के तहत 20 जनवरी को दर्ज किया गया है। आरोपियों में सरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत निशिकांत गोस्वामी 21 वर्ष,पिता बलराम गोस्वामी,बेबी देवी 45 वर्ष,पति बलराम गोस्वामी,चितरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मसानजोर गांव निवासी जितेंद्र राउत 18 वर्ष,पिता विजय राउत मागोंमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सकलपुर गांव निवासी अमित यादव 22 वर्ष,पिता लालमोहन यादव को नामजद किया है।

सभी आरोपी पर प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 96/137(2)/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज की गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है, और पुलिस का कहना है कि जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर

अति अल्पकालीन नीलामी आमन्त्रण सूचना–संख्या–24/2024–25
पत्रांक 95 देवघर, दिनांक 18.01.2025

देवघर नगर निगम, देवघर कार्यालय, कंजरभेंसी डिपो एवं आचार्य नरेन्द्र देव भवन, जसीडीह स्थित कार्यालय में अनुपयोगी पड़े, पुराने वाहन, लोहा का चदरा, पुराना टंकी, टेलर, डस्टबीन, पाईप तथा अन्य विभिन्न प्रकार के पुराने सामानो के उठाव के लिए नीलामी आवेदन आंमत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म निम्नवर्णित तिथि को अपना नीलामी आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है।

1. आवेदन प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 29.01.2025 से 30.01.2025 (कार्यालय अवधि तक)।
2. आवेदन जमा करने की तिथि :– दिनांक 31.01.2025 (03.00 बजे अपराह्न तक)।
3. आवेदन खोलने करने की तिथि :– दिनांक 31.01.2025 (04.00 बजे अपराह्न)।
4. आवेदन शुल्क की राशि :– 2500/– डी0डी0 के रूप में।
5. अग्रधन की राशि :– 10,000/– डी0डी0 के रूप में।
6. आवेदन प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।
7. आवेदन खोलने का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।

नोटः– नीलामी आवेदन पत्र एवं नीलामी आमन्त्रण की शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त ,सह प्रशासक
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR.NO.344646 Deoghar(24-25):D

कार्यालय देवघर नगर निगम, देवघर

पत्रांक...../ –ः सैरात बन्दोबस्ती द्वित्तीय सूचना ः– दिनांक.....

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती उनके सम्मुख स्तंभों में अंकित अवधि के लिए नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम के कार्यालय प्रकोष्ट में निम्नानुसार की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित शर्तों को पूरा करते हुए खुली डाक में भाग लेने हेतु आवेदन दिनांक 28.01.2025 को 02:00 बजे अप0 तक सभी वांछित कागजातो के साथ नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते है।

सैरातों की विवरणी :–

क्र0	सैरात का नाम	डाक की न्यून्तम राशि	बन्दोबस्ती हेतु अग्रधन राशि (बैंक ड्राफ्ट)	बन्दोवस्ती की अवधि	डाक की तिथि
1	देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सब्जी मार्केट न्यू मीना बाजार देवघर वसूली बन्दोबस्ती	Rs.60,37,000.00	Rs.15,10,000.00	06.02.2025–31.03.2026 (14 माह हेतु)	दिनांक 28/01/25 समय 03:30PM
2	देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत जसीडीह हटिया वसूली बन्दोबस्ती	Rs.09,75,000.00	Rs.2,45,000.00	01.03.2025–31.03.2026 (13 माह हेतु)	

नोट :– आवेदनकर्ता को आवेदन शुल्क के रूप में Rs.5000.00 (जो वापस नहीं होगा) राशि को **Municipal Commissioner, Deoghar Municipal Corporation, Deoghar** के नाम से डी0डी0 आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

2. डाक संबंधी विस्तृत विवरणी प्राप्त करने हेतु कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त सह प्रशासक
देवघर नगर निगम, देवघर

PR 344693 Deoghar(24-25)#D

कार्यालय, नगर परिषद, साहिबगंज

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

E-Tender Notice Reference No.- E-NIT/NPS/15/2024-25/अनाबद्ध निधि

पत्रांक– 128/ले0, दिनांक– 18.01.2025

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक पदाधिकारी (प्रशासक), नगर परिषद्, साहिबगंज।
2. बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.01.2025
3. निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि एवं समय :–20.01.25 को 11:30 बजे पूर्वाव से 29.01.25 अपव4:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–30.01.2025 को अप0 11:30 बजे से।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल व्दसपदम डवकम द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार से है :–

क्र0 सं0	ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	तकनीकी/प्रशासनिक स्वीकृति राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने अवधि	यो0 का मद
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	01/01	नगर परिषद् साहेबगंज क्षेत्रान्तर्गत गंगा घाट के सौन्दर्यीकरण कार्य (Beautification of Ganga Ghat)	2481730	2481730	50000	5000	दो माह	जिला योजना अनाबद्ध निधि

नोट– विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in, UDHD.JHARKHAND.GOV.IN एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी–सह–प्रशासक,
नगर परिषद् साहिबगंज

PR 344688 Urban Development and Housing (24-25)_D

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, झारखण्ड सरकार
कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गोड्डा वन प्रमण्डल, गोड्डा
Ramgarh Road, Near Godda College, Godda.
E-mail :- dfogodda@gmail.com

"निविदा सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोड्डा वन प्रमण्डल अन्तर्गत Bio-Diversity Park Sarkanda, Godda में स्थित आम बगीचा के दो वर्शों के फलों की बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा सूचना के प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस को विहित शुल्क 100/– रूपये जमा कर प्राप्ति की जा सकेगी फार्म के प्राप्ति हेतु पहचान पत्र की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य है। निविदा फार्म दिनांक–05.02.2025 को 01:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा तथा विधिवत भरा गया मुहरबंद उक्त निविदा को दिनांक–05.02.2025 को 02:00 बजे अपराह्न तक प्रमण्डीलय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। निविदा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 03:00 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी बाध्य नहीं है और उसे बिना कारण बताए बिक्री से उठा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होंगे। वित्तीय वर्श 2023 एवं 2024 हेतु इस बगिचे के निलामी हेतु उच्चतम निविदा द्वारा 5,21,000/–रू0 था जिससे वित्तीय वर्श 2025 एवं 2026 हेतु उक्त राशि से कम में निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा में उच्चतम डाकवाले निविदाताओं को स्वीकृत राशि का 15% जमानत की राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य है। सफल निविदाताओं को नियमानुसार दो वर्श हेतु पूरी राशि का 50% की राशि एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अन्तर्गत पूरी राशि जमा नहीं कर पाते हैं, तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन एवं जमानत तथा अन्य जमा राशि बिना कोई कारण बताए राज्यसात कर ली जाएगी। आम के फल तोड़ने से पूर्व दो वर्श हेतु पूरी राशि का 25% जमा करना अनिवार्य होगा एवं अंतिम शेश 25% राशि अगले वर्श 15.02.2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा अगले वर्श (2026 हेतु) उन्हें फल नही दिया जायेगा एवं नई निविदा निकाली जायेगी।

5000/– (पाँच हजार रूपये) मात्र अग्रधन की राशि मुहरबंद लिफाफे में निविदा के साथ बैंक ड्राफ्ट जो राश्ट्रीयकृत बैंक, गोड्डा में भुगतेय हो, **ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति अमरपुर, सरकण्डा** के पक्ष में जमा करना होगा। असफल निविदा दाताओं को अग्रधन की राशि तुरन्त वापस कर दी जाएगी।

(वाघ पवन भालिग्राम , भा0व0से0)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गोड्डा वन प्रमण्डल, गोड्डा

PR 344647 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, दुमका

प्रेस विज्ञाप्ति

आम नागरिकों के शिकायतो का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करने, पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने तथा पुलिस और नागरिको के बीच बेहतर समन्वय हेतु दिनांक– 22.01.2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से निम्नांकित थानान्तर्गत "जन शिकायत समाधान कार्यक्रम" का आयोजन निम्नवत किया जायेगा।

क्र0	कार्यक्रम स्थल क्षेत्र का थाना का नाम	कार्यक्रम स्थल का नाम	कार्यक्रम की तिथि	सम्मिलित थाना
1	नगर थाना	इंडोर स्टेडियम	22.01.2025 सुबह 10:30 बजे से	1.नगर थाना 2.मुफ्फसिल थाना 3.दिग्घी ओ0पी0 4. मसानजोर ओ0पी0 5. गोपीकान्दर थाना 6. काठीकुण्ड थाना
2	जरमुण्डी थाना	जरमुण्डी डाक बंगला	22.01.2025 सुबह 10:30 बजे से	1.जरमुण्डी थाना 2.जामा थाना 3. तालझारी थाना 4. हंसडीहा थाना 5. रामगढ़ थाना 6. सरैयाहाट थाना
3	शिकारीपाड़ा	मध्य विद्यालय, राजबॉध, शिकारीपाड़ा	22.01.2025 सुबह 10:30 बजे से	1.शिकारीपाड़ा थाना 2. रानेश्वर थाना
4	मसलिया थाना	दलाही पंचायत भवन	22.01.2025 सुबह 10:30 बजे से	1. मसलिया थाना 2. टोंगरा थाना

❖ इस कार्यक्रम के निम्नांकित उद्देश्य हैः–

1. नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना है।
2. कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना।
3. शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना।
4. निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना।
5. जन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध करना।
6. पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना।
7. नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना।
8. कार्यक्रम के दौरान Online शिकायत हेतु जन शिकायत समाधान कोषांग का WhatsApp No-9479590235 तथा ईमेल आई0डी0– sp-dumka@jhpolice.gov.in का प्रचार–प्रसार करना, ताकि आमजन आसानी से अपना शिकायत का दर्ज करा सके।

दुमका जिला वासियों से आग्रह है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की शिकायत/ समस्या हो या किसी प्रकार की सूचना देना हो, तो उर्पयुक्त निर्धारित तिथि का संबंधित कार्यक्रम स्थल में पधारे अथवा जन शिकायत समाधान कोषांग का WhatsApp No-9479590235 तथा पुलिस अधीक्षक, दुमका का ईमेल आई0डी0– sp-dumka@jhpolice.gov.in पर सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक,
दुमका

PR 344725 Police (24-25)_D

असहाय, दिव्यांग, वृद्ध एवं सफाई कर्मियों के बीच कंबल का हुआ वितरण

महागामा । नगर पंचायत अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय के सामने सोमवार को असहाय, दिव्यांग, वृद्ध एवं सफाई कर्मियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरन केसरी एवं कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने इस अवसर पर कई अन्य योजनाओं और पहलुओं का भी उल्लेख किया, जिनका उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र में विकास और समृद्धि लाना है। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम केवल शीतलता से निपटने के लिए नहीं, बल्कि यह सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का हिस्सा हैं, जो गरीबों और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करती हैं।इसके बाद, उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में किए गए अन्य विकास कार्यों पर प्रकाश डाला, जैसे कि दुर्गा मंदिर के पास पोखर का जीर्णोद्धार, जिस से ना केवल जल की आपूर्ति में सुधार होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। साथ ही सफाई व्यवस्था के सुधार पर भी जोर दिया गया।

जेंडर इक्वलिटी मूवमेंट इन स्कूल के तहत शिक्षकों को दी गई प्रशिक्षण

नाला (जामताड़ा)-- सोमवार को नाला बीआरसी में बदलाव फाउंडेशन, आई सी आर डब्ल्यू एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वधान में संचालित जेम्स परियोजना के द्वारा नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ7 इस प्रशिक्षण शिविर में 10 उच्च विद्यालयों के 27 नोडल शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए इस दौरानपरियोजना के समन्वयक रामरूप के द्वारा बताया गया की बदलाव फाउंडेशन एवं आई सी आर डब्ल्यू के सयुक्त तत्वधान में संचालित जेम्स (जेंडर इक्विटी मुहमेंट ईन स्कूल) परियोजना विद्यालयों में लैगिक समानतापूर्ण माहौल के निर्माण हेतु नाला प्रखण्ड के 10 उच्च विद्यालय से प्रत्येक, विद्यालय से 3 नोडल शिक्षकों को चयन किया गया जिसमे कुल -27, शिक्षकों का 1 बेच में प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसमें यह तिन दिवसिय प्रशिक्षण किया गया जिसमें यह जेम्स परियोजना की और से यह दूसरा चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों के द्वारा शिक्षको को जेंडर ,हिंसा ,सत्ता ,शारीरिक बदलाव ,निर्णय क्षमताओं को वृद्धि करना ,आकांक्षाये, सपनों की ओर हमारी दौड ,बच्चों के द्वारा समय का प्रबंधन, बच्चों को निर्णय लेने , प्रभावी बातचीत , किशोरावस्था एवं बच्चो में आदर्श संबंध स्थापित करने को लेकर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद शिक्षक अपने विद्यालयों में इन सभी मुद्दों पर सत्र का संचालन बच्चों के साथ करेगें उन्होंने यह भी बताया की जेम्स परियोजना के अंतर्गत जामताड़ा जिले के तीन प्रखण्ड नारायणपुर, जामताड़ा एवं नाला प्रखण्ड के कुल 112 मध्य एवं उच्च विद्यालयों में परियोजना संचालित है 7 इस परियोजना का उदेश्य शिक्षकों और बच्चों में आत्मचिंतन के माध्यम से समानता की सोच को विकसित करना ताकि लड़कियों को पढ़ाई और विकास के अवसर मिले और वो अपने सपनों को साकार कर सके 7 साथी हीलड़कियों की निर्णय शक्ति बढाना ताकि वे उच्च शिक्षा ,सही समय पर विवाह तथा जीवन साथी के चुनाव पर बात चित कर पायें

पोक्सो व जुबिलाइन जस्टिस को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

गोड्डा । झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को व्यवहार न्यायालय के लाइब्रेरी सभागार में जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कन्सलटेसन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पीड़ित बच्चों को न्याय सुलभ कराने को लेकर पोक्सो एक्ट एवं जुबिनाइल जस्टिस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसका शुभारंभ डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजेश कुमार वैश्य, फेमिली जज अनिल कुमार पांडेय, जिला जज प्रथम कुमार पवन, द्वितीय निरुपम कुमार, तृतीय रिचा श्रीवास्तव, रजिस्टार सतीश कुमार मुंडा, जेजे बार्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट मुक्ति भगत ,सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव महागामा एसडीओ आलोक वरण केशरी,सदर डीएसपी जेपीएन चौधरी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि अनुसंधान अगर दुरुस्त होगा तो परिणाम भी बेहतर आएगा। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से जजमेंट में अनेक प्रकार के बदलाव किए जा रहे हैं। उसको ध्यान में रखते हुए समय के अनुसार तैयार रहने की जरुरत है। कोई किसी को सीखाता नहीं है। सोसाइटी स्वयं सीखने के लिए बाध्य करता है। कार्य क्षेत्र में अगर आपको सबसे आगे बढ़ना है तो उंची सोच भी रखनी होगी। कहा कि पोक्सो एवं जुबिनाइल जस्टिस में पीड़िता को न्याय सुलभ कराने को लेकर मल्टी स्टेक होल्डर के रूप में पीड़ित या पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस, बाल कल्याण समिति, चिकित्सा पदाधिकारी, लोक अभियोजक, अधिवक्ता आदि की भूमिका अहम है।

बी डिवीजन क्रिकेट लीग का हुआ उद्घाटन

रोहिनस क्रिकेट क्लब ने 11 स्टार बी को 4 विकेट से किया पराजित

गोड्डा । जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में पोड़ैयाहाट मैदान में बी डिवीजन क्रिकेट लीग का उद्घाटन सोमवार को अकासी पंचायत की मुखिया पिंकी देवी के द्वारा किया गया। परसोती मैदान में रोहिनस क्रिकेट क्लब ने 11 स्टार बी को 4 विकेट से पराजित किया । पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 स्टार बी की टीम ने 19 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 123 रनों का स्कोर खड़ा किया। गौरव पांडेय ने 34 रन एवं सत्यम पंडित ने 20 रनों की पारी खेली। रहमुतुल्लाह अंसारी एवं आसिफ ने 3- 3 विकेट प्राप्त किए। जवाब में रोहिनस क्रिकेट क्लब की टीम ने 15.4 ओवर में 6 विकेट नुकसान पर 126 रन बनाकर मैच को जीत लिया। मेराज आलम ने 65 रन एवं ईमरान अंसारी ने 15 रनों की पारी खेली। सुरेंद्र कुमार ने 3 एवं सुनील राय ने 2 विकेट प्राप्त किए। आज के मैन ऑफ द मैच ईमरान अंसारी को दिया गया। अंपायर की भूमिका में राजन झा एवं मोनू कुमार तथा स्कोरर मनीष कुमार थे। वहीं पोड़ैयाहाट में खेले गए दूसरे मुकाबले में झारखंड ज्ञानदीप युवा क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान 85 रन बनाए। संजीव कुमार ने 18 रन एवम अंकित कुमार ने 13 रन बनाए। रेहान अंसारी ने 4 विकेट एवं साहिल अख्तर, सत्यम साह ने 2- 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ताज क्रिकेट क्लब ने 6.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर मैच को 7 विकेट से जीत लिया। राजा अंसारी 37 रन एवं माइकल फिरदौस ने 29 रन बनाए। वहीं कुंदन कुमार ने 2 विकेट लिए। अंपायर मिथुन कुमार एवं शिवम कुमार, स्कोरर ऋषि कुमार थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

मंत्री दीपिका पांडे ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की सुनीं समस्याएं

संवाददाता

महागामा । विधायक सह झारखंड राज्य मंत्री दीपिका पाण्डे सिंह ने रविवार को क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के हनवारा, कोयला आदि गांवों में जाकर वहां के लोगो से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। मंत्री दीपिका ने कहां की मुझे आप लोगों ने दोबारा आशीर्वाद दिया है, मुझे दूसरी बार मंत्री के रूप में दायित्व मिला है। मैं आप लोगों का अभार व्यक्त करने आई हूं। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया और बताया कि राज्य सरकार हर संभव कदम उठा रही है, ताकि लोगों को बेहतर जीवन- स्तर मिल सके। इस दौरान मंत्री ने क्षेत्र में व्याप्त कई मूलभूत समस्याओं को भी सुना। उन्होंने सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, पानी आदि के मुद्दों पर स्थानीय लोगों से बातचीत की और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। दीपिका पाण्डे सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह है कि क्षेत्र में बेहतर सड़कें, पुल पुलिया और जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, बिजली आपूर्ति के मुद्दे पर भी शीघ्र समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार के माध्यम से कई योजनाओं को धरातल पर लाना है जिसे लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके मौके पर मौजूद महिलाओं से भी बातचीत की एवं हाल समाचार जाना। वहीं मौके पर विपिन बिहारी सिंह, फिरोज अख्तर, उमेश पासवान, मनोरंजन सिंह, अहाया सिद्दीकी, धर्मेंद्र पासवान के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

नाला(जामताड़ा)--- सोमवार को श्रीपुर पंचायत के चिहूंटिया गांव में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में आठ टीम शामिल हुए । पहला राउंड का मैच छह-छह (ओवर) का खेला गया। तथा सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच पांच - पांच ओवर का हुआ। पहला सेमीफाइनल मैच कृष्णा -ईलेवन (चिहूंटिया) बनाम सुयोग-ईलेवन (बांदो) के बीच खेला गया। जिसमें सुयोग -ईलेवन बांदो की जीत हुई। तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच बजरंग -ईलेवन(शीतलधरा) ड्ढद्य विशाल -ईलेवन आसनचुंवा के बीच खेला गया। जिसमें से बजरंग -ईलेवन (शीतलधरा) की जीत हुई। फाइनल मैच बजरंग ईलेवन (शीतलधरा) एवं सुयोग ईलेवन (बंदों) के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बजरंग -इलेवन ने 3 विकेट के नुक्सान पर पांच ओवर में 60 रन बनाए, इसके जवाब में सुयोग -इलेवन की टीम ने पूरा पांच ओवर खेलकर 1 विकेट के नुक्सान पर 47 रन ही बना पाए। फाइनल में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राजीव कुमार को दिया गया एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार राकेश कुमार को दिया गया। क्रिकेट मैच का कमेंट्री एवं स्कोरर राम चन्द्र महतो कर रहे थे।इस टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि के रूप मे जिला परिषद प्रतिनिधि अजय मंडल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्रीपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्या बिजली देवी, चिहूंटिया ग्राम के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रभास गोरांय , समाज सेवी राम चन्द्र महतो, बबलू महतो, मदन महतो, कमिटी में विवेक महतो,पुरण महतो, दिनेश महतो, मंगल महतो, काजल बाउरी,फुलचंद महतो, शंकर महतो,रवि महतो, बिमल महतो, अमित महतो, कंचन कुमार महतो, प्रफुल्ल्य कुमार महतो आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

भाजपाइयों ने मनाया संविधान गौरव अभियान दिवस

कुंडहित (जामताड़ा) सोमवार को कुंडहित सिंचाई अतिथि आवास परिसर में भाजपाइयों द्वारा संविधान गौरव अभियान के तहत संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवघर के पूर्व सांसद नारायण दास , माधव चन्द्र महतो उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, एंव भीमराव अम्बेदकर के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि नारायण दास ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण के 75 वर्ष के अवसर पर देशभर में संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में संविधान रक्षक अभियान चला रहे हैं ।लेकिन मैं उन कांग्रेसियों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप लोगों ने कभी संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर को सम्मान दिया। देश में सर्वाधिक शासन करने के बावजूद भी कांग्रेसियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया। लेकिन अगर भीमराव अंबेडकर को सम्मान दिया तो भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने दिया। मौके पर माधव चन्द्र महतो ने कहा कांग्रेस ने पिछड़े समुदाय को तरह तरह से तोड़ने का काम किया। कहा कि संविधान दिवस को एक उत्सव के तरह मनाया जायेगा। सभी दलित गांवो में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

खुटहरी गांव में सोहराय पर्व की धूम

गोड्डा । जिले महगामा अनुमंडल अंतर्गत ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत खुटहरी गांव में इन दिनों आदिवासियों का वार्षिक पर्व सोहराय मनाया जा रहा है। संपूर्ण ग्रामीण मिलकर टोली बनाकर हर्षोल्लास के साथ सोहराय पर मना रहे हैं।इस अवसर पर गांव के सभी ग्रामीण मिलकर पुरुष भाई ढोल, नगाड़े, डिगा मांदर, झाल, करताल, बांसूरी आदि बजाते हैं। और आदिवासी महिलाएं युवती गीत गाकर नृत्य करती हैं। गांव के एक ओर से दूसरे छोर तक नृत्य करते हुए जाया जाता है। और फिर वहां से दूसरे दिन नृत्य करते हुए ही वापस आते हैं। इस अवसर पर सबों के घरों में मेहमान का भी आगमन होता है। मेहमान के साथ-साथ ग्रामीण भी एक साथ मिलजुल कर रुचिकर भोजन भी बदल-बदल कर प्रतिदिन खाते हैं। पर्व के अंतिम दिन गांव के सभी लोग एकत्रित होकर एक जगह रुचिकर भोजन पकाते हैं और फिर उसे सार्वजनिक रूप से एक पंक्ति में बैठकर भोजन प्राप्त करते हैं। ग्रामीण सह शिक्षक आसवन मुर्मू ने जानकारी देते हुए बताया कि आपसी भाईचारा गांव समाज और संबंधियों में एकता सामंजस्य सद्भावना बनाए रखने के लिए यह पर्व पौराणिक काल से मानते आ रहे हैं। बताया कि प्रत्येक आदिवासी गांव में बारी बारी से यह वार्षिक ऐतिहासिक और प्रमुख माना जाने वाला सोहराय पर्व धूमधाम से मनाई जाती है।

कल्याणेश्वरी मंदिर क्षेत्र में नया अतिथि निवास उद्घाटित, पर्यटन को मिलेगा नया विस्तार

चित्तरंजन। सोमवार को बंगाल के प्रमुख पर्यटक स्थल, मां कल्याणेश्वरी मंदिर क्षेत्र में एक नया अतिथि निवास का उद्घाटन हुआ। इस समारोह में आसनसोल निगम के चेयरमैन अमरनाथ चट्टोपाध्याय और डिप्टी मेयर वसीमुल हक ने अतिथि निवास का उद्घाटन किया। यह अतिथि निवास अब पर्यटकों और आम जनता के लिए एक आदर्श सुविधा केंद्र बनेगा। कल्याणेश्वरी मंदिर से दाहिनी ओर, मैथन जलाशय की दिशा में स्थित इस अतिथि निवास में 16 कमरे, कुटिया, विवाह स्थल और स्विमिंग पूल जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना स्थानीय व्यापारी रामचंद्र साव के योगदान से शीघ्रता से तैयार की गई। इसके अलावा, निगम ने श्री साव को आगामी 40 वर्षों के लिए अतिथि निवास का संचालन करने का जिम्मा सौंपा है। स्थानीय लोगों के लिए यह अतिथि निवास एक बड़ी सौगात है, क्योंकि यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि विवाह और अन्य आयोजनों के लिए भी एक आदर्श स्थल प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में निगम के मेयर और अन्य स्थानीय अधिकारी भी उपस्थित थे। इस परियोजना से क्षेत्र में विकास के नए अवसर खुलेंगे।

क्राइम पर कंट्रोल करना पहली प्राथमिकता : थाना प्रभारी

बसंतराय । थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में मनीष कुमार यादव ने रविवार को योगदान दिया। वहीं बताया गया कि वे पूर्व में पथरगामा थाना में कार्यरत थे। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी सत्यदीप से प्रभार लिया। मनीष कुमार यादव ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता क्राईम पर कंट्रोल करना होगा। इसके लिए ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता है आगे उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाना है और तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर खास नजर रहेगी। खासकर लड़की से छेड़छाड़ और महिला से सम्बन्धित मामले को भी प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अवैध बालू तस्करी कोयला तस्करी पर अंकुश लगाया जाएगा। वहीं ग्रामीणों से अपील किया की क्षेत्र में अमन-चैन व शांति कायम रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करे।

आजाद हिंद हाफ मैराथन का 23 जनवरी को होगा आयोजन

जामताड़ा = नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर श्री श्री सार्वजनिक माँ काली मंदिर ट्रस्ट स्टेशन रोड जामताड़ा के तत्वाधान में 23 जनवरी को हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। हाफ मैराथन प्रतियोगिता को सफल बनाने को लेकर तैयारी से संबंधित चर्चा के निमित्त सोमवार को एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को आयोजन समिति की ओर से बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार ढाई हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार डेढ़ हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 11 सौ रुपये रखा गया है। बालिकाओं के लिए प्रथम पुरस्कार एक हजार द्वितीय पुरस्कार सात सौ एवं तृतीय पुरस्कार पांच सौ रुपये आयोजन समिति की ओर से दिया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

ओम को जस्टिस दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया

पथरगामा संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय के आम नागरिकों के द्वारा गत 12 जनवरी को मारे गए ओम कुमार को न्याय दिलाने के लिए रविवार देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च द्वारी चक से तरडिहा मोड तक और फिर लौटकर अंबेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न हो गया। कैंडल मार्च में शामिल सैकड़ो की संख्या में स्त्री पुरुष बच्चे बड़े के द्वारा ओम को न्याय दो हत्यारे को गिरफ्तार करो के नारे लगाए जा रहे थे। मालूम हो कि 11 जनवरी के 3=00 बजे के लगभग ओम कुमार पिता रंजीत कुमार दास अपने फल दुकान से घर जाने के क्रम में कहीं लापता हो गया था। जिसकी लाश 12 जनवरी को सुबह पथरगामा चौक के पीछे एक तालाब से निकल गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने जांचोंपरांत ओम को मृत घोषित कर दिया और मृतक के पेट में पानी नहीं पाए जाने की पुष्टि कर दी, जो की पानी में डूब कर मरने की नहीं मार कर फेंक देने की ओर इशारा कर रहा था। घर वालों का कहना है कि उन्होंने पथरगामा थाना में कुछ लोगों पर शक जाहिर भी किया गया था बावजूद पुलिस के हाथ में अभी तक कुछ नहीं आया है। अब तक हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों का आक्रोश भड़कने लगा है।

तालाब से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

मेहरमा = प्रखंड के बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहीचक सिमड़ा तालाब से एक 30 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बरामद शव का पहचान बलबड्डा हरिजन टोला गांव निवासी केदार दास का पुत्र राजेश दास के रुप में हुई है। सोमवार की अहले सुबह ग्रामीणों ने पोखर के किनारे शव को देखा और इसकी सूचना बलबड्डा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई। वहीं इसकी सूचना आग की तरफ पूरे क्षेत्र में फैल गई और शव को देखने के लिए लोगों का भीड़ जमा हो गया। वहीं मौत की घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। हालांकि मौत की खबर के बाद से परिजनों में रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में बलबड्डा थाना प्रभारी अमित मार्की ने बताया कि बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया है। प्रथम दृश्यता तालाब में डूबने से मौत की आंशका जताई जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

मेला डाक की सूचना को लेकर समाजसेवी ने किया आरटीआई दायर

गोड्डा । स्थानीय निवासी समाजसेवी सौरभ परासर उर्फ बच्चू झा ने नगर परिषद कार्यालय, गोड्डा को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत एक विस्तृत आवेदन पत्र दायर किया है। इस आवेदन में उन्होंने 26 जनवरी राजकीय मेला डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारी मांगी है। सौरभ ने कुल 9 बिंदुओं पर जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, जिसमें पिछले वित्तीय वर्षों के नियमों में संशोधन, बंदोबस्ती प्रक्रिया से संबंधित बैठकों की कार्यवाही की प्रतिलिपि और नगर परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किए गए नोटिस से जुड़ी जानकारी शामिल हैं।उन्होंने यह भी पूछा है कि क्या कार्यपालक पदाधिकारी के पास जिला जन सूचना पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मेला डाक से जुड़े उच्चतम बोलीदाता के नाम, जमा राशि का विवरण, और योग्य-अयोग्य बोली दाताओं की सूची के बारे में भी जानकारी मांगी है। सौरभ परासर ने आवेदन के साथ 10 रुपए का पोस्टल ऑर्डर संलग्न करते हुए अनुरोध किया है कि नगर परिषद 30 दिनों के भीतर संबंधित जानकारी प्रदान करे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि उत्तर के लिए अतिरिक्त शुल्क आवश्यक हो, तो उन्हें इसकी सूचना दी जाए। यह आवेदन स्थानीय प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है।

पिस्तौल की नोक पर मिष्ठान व्यवसायी से लूट

चित्तरंजन= चित्तरंजन में एक दिल दहला देने वाली लूट की घटना सामने आई है। मिष्ठान व्यवसायी जयदेव चौधरी, जो मंटू घोष के रिश्तेदार हैं, को बीती रात तीन बाइक सवार अपराधियों ने पिस्तौल की नोक पर लूट लिया। रात करीब 10=30 बजे जब वह अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे, अपराधियों ने उन्हें रोककर उनका मोबाइल, 1100 रुपये नगद और स्कूटी लूट ली। बदमाश धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना से घबराए जयदेव ने घर आकर परिजनों को सूचना दी। चित्तरंजन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

बसंतराय में जश्न ए ख्वाजा गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस आयोजित

बसंतराय । प्रखंड के धपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम गुलजार नगर भट्ठा में मदरसा अहल ए सुन्नत फैजान ए इस्लाम के अहाते में 19 जनवरी रविवार की रात्रि में जश्न ए ख्वाजा गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस का संरक्षण देश के सुप्रसिद्ध इस्लामी विद्वान मुफ्ती मुजीबुर रहमान कादरी मिस्बाही करेंगे जबकि कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती इस्माईल कादरी मिस्बाही और अध्यक्षता मौलाना अब्दुल जब्बार कादरी करेंगे।ख्वाजा गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस में मुख्य मुहर्रिर झारखंड के चर्चित अल्लामा मौलाना सिद्दीक हसन उर्फ झारखंडी बाबा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मशहूर शायर युसूफ जमाल अमजदी, अब्दुल कादिर रहमानी गोड्डावी, मदरसा मदीनातुल इल्म राहा के संचालक मौलाना शफाअत रजा नूरी, फिरोज अख्तर कोलकाता, मौलाना शमसुद्दीन कोलकाता एवं गुलाम रब्बानी गोड्डावी रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान शरीफ की तिलावत से होगा। कुरान शरीफ की तिलावत मुफ्ती जहांगीर कादरी करेंगे। कार्यक्रम के निकाबत मौलाना गुफरान राजा फरमाएंगे ।सीमावर्ती क्षेत्र के तमाम लोगों से आग्रह है कि जश्न ए ख्वाजा गरीब नवाज में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम से लाभ उठाएं और देश में सूफीवाद को बढ़ावा दें।

गणतंत्र सप्ताह सांस्कृतिक संध्या को लेकर ऑडिशन संपन्न

